तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 18 अगस्त 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



पचरीघाट जाने वाली सड़क पर चेम्बर खुला हुआ है।

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# नक्शा, खसरा, बी-वन व ऋण पुस्तिका से बार-बार गायब हो रहें हैं पटवारियों के डिजिटल हस्ताक्षर

- दो माह पहले जिन नक्शों मे था दस्तखत, अब नहीं है, परेशान हो रहें हैं लोग
- रजिस्ट्री कराने से पहले लोगों को पटवारियों के पास फिर चक्कर लगाने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





नक्शा, खसरा, बी-वन और ऋण पुस्तिका जैसे सरकारी दस्तावेजों से पटवारियों का डिजिटल हस्ताक्षर गायब कर दिया जा रहा है। नतीजा यह कि लोगों को लोकसेवा केंद्र में अपनी जमीन के दस्तावेज ऑनलाइन नहीं मिल पा रहे हैं। साथ ही भुईंया पोर्टल में गड़बड़ियां सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं। इस का खामियाजा भू स्वामियों को भुगतना पड़ रहा है। हाल यह है कि रजिस्ट्री कराने से पहले लोगों को डिजिटल हस्ताक्षर के लिए पटवारियों के पास फिर चक्कर लगाने की मजबूरी हो गई है। यही नहीं 5 से 10 हजार रुपए तक इसके लिए रिश्वत तक लिए जाने की शिकायत मिल रही है। रजिस्ट्री के लिए पहुंचे लोग मजबूरी में इसका भुगतान भी कर रहे हैं।

दरअसल दिक्कत यह है कि लोगों को रजिस्ट्री, नामांकन, बटांकन और बैंक लोन के लिए डिजिटन नक्शा की जरूरत पड़ती है। इन नक्शों में पटवारियों के डिजिटल सिग्नेचर होने पर ही वैध माना जाता है। अहम बात यह है कि इन डिजिटल नक्शों से पटवारियों के सिग्नेचर गायब हो रहे हैं। दो माह पहले जिन भू स्वामियों ने पटवारियों को सुविधा शुल्क देकर अपना जमीन का नक्शा में पटवारियों को डिजिटल सिग्नेचर बनवाए थे, वह अब गायब हो चुके हैं। जिससे उन्हें फिर पटवारियों के कार्यालय दौडना पड़ रहा है। पीड़ितों से पटवारियों का कहना है कि गड़बड़ी उनकी तरफ से नहीं बल्कि साफ्टवेयर के कारण हो रही है। फिलहाल समस्या को ठीक करने के लिए पटवारियों की फिर से सेवा करनी पड़ती है।

### केस 1

कोरबा निवासी राकेश कुमार की बिलासपुर में जमीन है। उन्होंने पिछले मंगलवार से यहां आवेदन कर रखा है। इसके बावजूद अभी तक उनकी जमीन की रजिस्ट्री नहीं हुई। जानकारी ली गई तो मालूम पड़ा कि उनकी जमीन से डीएससी ही हटा दिया गया है और अब पटवारी के पास जाना पड़ेगा। आनन-फानन में पटवारी से संपर्क किया गया। चढ़ावे के बाद रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी हो सकी।

### केस 2

पंजीयक ने टोकन सिस्टम के तहत जमीन की रजिस्ट्री करने के निर्देश जारी किए हैं। इसमें भी कई तरह की दिक्कतें हैं। भुईंया की साइट से जमीन के दस्तावेज का मिलान नहीं होने पर यह काम रुक जाता है। पर इससे जुड़े दूसरे काम चल निकलते हैं। जमीन बिक्री करने पहुंचे राजकुमार कोरी इस बात की शिकायत अधिकारियों से की है। उन्होंने मामले को देखकर इसका निपटारा कराने का आश्वासन दिया है।

### फर्जीवाड़ा रोकने लागू किया था सिस्टम

ज्ञात हो कि तीन साल पहले फर्जीवाड़ा रोकने के लिए डिजिटल सिस्टम लागू किया था। दावा किया गया था कि फर्जी सील और हस्ताक्षर की बात कहकर दस्तावेजों से पटवारी अपना पल्ला नहीं झाड़ पाएंगे। सिस्टम से डिजिटल हस्ताक्षर पटवारी के अलावा और कोई व्यक्ति कर भी नहीं सकता। फर्जीवाड़ा करने पर वे पकड़े जाएंगे और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जमीन की नापजोख में गड़बड़ी की शिकायतों को रोकने के लिए भी यह सिस्टम लागू किया गया था।

### फसल की एंट्री करने से हट गया

इधर अधिकारी भी मानते हैं कि कई जगहों पर पटवारियों का डिजिटल हस्ताक्षर नहीं आ रहा है। अधिकारियों के मुताबिक पूरे प्रदेश में डिजिटल हस्ताक्षर सिस्टम लागू किया गया था। इसके बाद शासन ने खरीफ फसल की एंट्री करने की जिम्मेदारी दी। एंट्री करने के बाद डिजिटल हस्ताक्षर खुद ही समाप्त हो गया। अब जो भी आवेदक आ रहे हैं तो उनकी ऋण पुस्तिका मिला रहे हैं और खरीफ फसल लिख रहे हैं फिर डिजिटल हस्ताक्षर कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि अगले साल से बेहतर व्यवस्था करेंगे।

### कई जमीनों की जानकारी अपडेट नहीं

देखा जाए तो यह समस्या पूरे छत्तीसगढ़ में सामने आ रही हैं। यह सारी समस्याएं ऑनलाइन सिस्टम को दुरुस्त नहीं करने की वजह से और खासतौर पर पटवारियों की लापरवाही से हो रही हैं। पड़ताल में सामने आया है कि अभी तहसील से बिलासपुर से लगे कई क्षेत्रों की जमीन और उनके मालिकों के नाम भूईंया पोर्टल में अभी तक नहीं चढ़ाए गए हैं। एसडीएम ने तहसीलदारों को इसके निर्देश जरूर दिए हैं। मानिटरिंग के अभाव में लेकिन लोग परेशान हैं। लोगों के मुताबिक सबसे ज्यादा परेशानी पटवारी कर रहे हैं। उन्हें भी बिक्री के बीवन खसरे पर डिजिटल सिग्नेचर करने हैं। बिक्री वाले खसरे पर राइट का निशान और दूसरे काम में इस्तेमाल खसरे पर क्वेशचन मार्क का निशान अंकित करना है।

### रजिस्ट्री के लिए इन दस्तावेजों की मांग

जमीन की खरीदी बिक्री के लिए ऋण पुस्तिका का नंबर आवश्यक है। बी-वन खसरा भुईंया से लिंक होना चाहिए, यानी कृषि जमीन का रिकार्ड ऑनलाइन होना चाहिए। नक्शे में बटांकन होना चाहिए। साथ ही डिजिटल बी-वन खसरा ही मान्य होगा। पटवारियों का या मैन्यूअल खसरे के आधार पर रजिस्ट्री नहीं होगी। हर एक खसरे में रकबा अलग-अलग दर्ज होना चाहिए। चौहद्दी में किसी और की जमीन मान्य नहीं होगी। 0.5 डिसमिल यानी 2250 वर्गफीट से कम कृषि जमीन की रजिस्ट्री नहीं होगी।

### जानकारी दी जा सकती है

तहसील सहित जिले की सभी जमीनों के रिकार्ड आनलाइन करने के निर्देश राज्य सरकार की ओर से जारी किए गए हैं। इसका काम लगभग पूरी भी हो गया है। अवैध प्लाटिंग वाले खसरों के डीएससी जरूर हटाए गए हैं। इसके साथ ही गिरदावरी और फसल की एंट्री करने बाद डिजिटल हस्ताक्षर खुद ही समाप्त हो गया है। इस पर भी काम किया जा रहा है। किसी भी पटवारी के खिलाफ शिकायत है तो उसकी जानकारी दी जा सकती है कार्रवाई होगी।

- शिव बनर्जी, अतिरिक्त कलेक्टर, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### दिन भर तपिश के बाद हुई बूंदाबांदी

**बिलासपुर।** दिन भर की तेज धूप और तपिश के बाद रविवार की शाम अधंड़ के साथ ही हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। इससे शहर भीगा लेकिन उमस से लोगों को निजात नहीं मिल सकी। खास बात यह है कि सूरज की तीखी किरणें सुबह से शाम तक लोगों को झुलसाती रही, और शाम 7 बजे के बाद मौसम अचानक से बदलने लगा और तेज हवाएं चलने लगी। इस दौरान बिजली चमकने के साथ ही हल्की बारिश होती रही, हालांकि इससे गर्मी और उमस से कुछ खास राहत नहीं मिल सकी। इस दौरान अधिकतम तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया।

### कई इलाकों में बंद रही बिजली



**बिलासपुर।** शाम होते ही हुई बारिश के बाद कई इलाकों में एक बार फिर बिजली की समस्या रही, कतियापारा, गांधी चौक, विनोबा नगर, तेलीपारा, दरबार लाज, अशोक नगर जैसे इलाकों में बिजली की लुकाछिपी जारी रही। इस दौरान फ्यूजकॉल में शिकायत दर्ज कराने के बाद भी घंटों अंधेरे में गुजाराना पड़ा। विभाग की व्यवस्थाओं की पोल खुल गई।

### वाहन ने एलटी लाइन का पोल तोड़ा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत व्यापार विहार में लगे बिजली पोल को क्षतिग्रस्त करने वाले वाहन चालक के खिलाफ गोल बाजार जोन के एई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। ज्ञात हो कि 14 अगस्त को फ्यूजकॉल सेंटर में शिकायत मिली कि वाहन क्रमांक सीजी 10 बीटी 7686 द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दुआ काम्पलेक्स के पास श्री राम टॉवर व्यापार विहार में एलटी लाइन को तोड़ दिया। इससे लाइन के साथ ही पोल भी क्षतिग्रस्त हो चुका है। पोल टूटने की वजह से कई घरों में बिजली बंद हो गई। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। घंटों बिजली बंद रही और विभाग ने घंटों की मशक्कत के बाद सप्लाई शुरू करने में सफलता पा ली। मरम्मत में विभाग के करीब 30 हजार रूपए का खर्च आया है, जिसे विभाग के अधिकारी आर्थिक क्षति होने के कारण गोलबाजार जोन एई प्रीता एक्का व जेई देव सिंह कंवर ने दुर्घटनाकारी वाहन के चालक के खिलाफ सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से युवक का लैपटाप पार

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में सफर कर रहे युवक का लैपटॉप अज्ञात चोर ने पार कर दिया है। जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार पुराना पावर हाउस तोरवा निवासी 20 वर्षीय अविनाश दुबे रानी कमलापति भोपाल से बिलासपुर तक अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस 6 के बर्थ नम्बर 23 में सफर कर रहा था। बैतूल स्टेशन में भोजन करने के बाद वह अपने बैग को बर्थ के नीचे रखकर सो गया। नागपुर स्टेशन में नींद खुलने के बाद उसने बैग को खोलकर देखा तो उसके अंदर रखा लैपटाप गायब हो गया था, जिसकी कीमत 50 हजार से अधिक थी।

## जुगाड़ से चल रहा है बिजली विभाग


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली उपभोक्ताओं से हर माह बिल वसूलने वाला विभाग जुगाड़ के सहारे बिजली सप्लाई कर रहा है। शहर में हर दिन घंटों बिजली बंद कर मरम्मत करने वाले विभाग के पास सामान तक नहीं है, यही कारण है कि विभाग का ज्यादातर काम जुगाड़ के चलते चल रहा है। अधिकारियों को यह सब दिखता भी है, लेकिन उदासीनता के चलते काम नहीं हो रहा है।



### मरम्मत के नाम पर महज खानापूर्ति में लगे हैं ठेकेदार और अधिकारी

# कहीं रस्सी से संभाला जा रहा खंबा, कहीं बांसों के सहारे बिजली की सप्लाई



### रस्सी के सहारे खंबा लगाया

कुछ दिन पहले पुलिस क्वार्टर्स के पास नाली निर्माण के कारण बिजली का खंबा झुक गया। खंबे में बिजली के तारों का झुंड लगा था, ऐसे में खंबे के क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी हुई थी। इस बारे में विभाग के कर्मचारियों को सूचना दी गई। इसके बाद कुछ कमचारियों ने नायलोन की रस्सी से खंबे को पेड़ पर बांध दिया है। इस बात को बीते महीने भर हो चुके हैं, लेकिन विभाग के पास खंबा बदलने और मरम्मत करने की फुर्सत नहीं है। अब मोहल्ले वालों को खंबे के गिरने का अंदेशा बना हुआ है।

### तारों में उग गई है झाड़ी

मसानगंज महिला थाना के पास लगे खंबे और तारों पर झाड़ी लग चुकी है। यह हाल शहर के कई सड़कों पर आसानी से देखी जा सकती है, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को यह दिखाई नहीं दे रही है। यही हाल ट्रांसफार्मर में लगे बॉक्स का है, जहां जक्शन बाक्स और पैनल के ढक्कन खुल हुए हैं। कई बार इनसे चिंगारी निकलती रहती है, मवेशी चपेट में आ जाते हैं। इसके बावजूद विभाग इन जक्शन बाक्स को बदलने को लेकर उदासीन रवैया रखता है।

### दुरुस्त की जाएगी व्यवस्था

मुझे अभी आए हुए दो दिन ही बीते हैं, क्षेत्र की जानकारी नहीं है। अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी ली जाएगी। व्यवस्था दुरूस्त की जाएगी।

- **श्रीनिवास राजू**, एसई, विद्युत विभाग



### बांस और बल्लियों से सप्लाई

घुरू अमेरी और गोकुल धाम शहरी क्षेत्र में शामिल है। बिजली की सप्लाई भी नेहरू नगर व तिफरा जोन से हो रही है, लेकिन यहां की कई कालोनियों में बांस और बल्लियों के सहारे बिजली की सप्लाई की जा रही है। कई बार बांस के गिरने के कारण तारे टूट रही है, लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारी फिर से जुगाड़ के सहारे ही सप्लाई शुरू कर दे रहे हैं। विभाग के अधिकारियों ने इन जगहों का सर्वे भी किया है, लेकिन किसी भी योजना के तहत यहां खंबे नहीं लगाए जा सके हैं। रिहायशी इलाकों में तब्दील हो चुके इस क्षेत्र में इस व्यवस्था से दुर्घटनओं का अंदेशा बना हुआ है।

## कोनी थाने से भागा बलात्कार का आरोपी, दो आरक्षक निलंबित

**बिलासपुर।** देर रात तक पार्टी मनाने के बाद नाइट ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी खर्राटे मारकर सो गए। इधर आसानी से बलात्कार व पाक्सो एक्ट का आरोपी हथकड़ी हथखोल कर भाग निकला गया था। एसएसपी ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले दो आरक्षकों को निलंबित कर दिया है। पुलिस तीसरे दिन भी फरार आरोपी को नहीं पकड़ पाई है।

कोनी पुलिस ने अपराध क्रमांक 365 / 25 धारा 137, 2, 64, 2, 4, 6 पाक्सो एक्ट के मामले में मोपका गार्डन सिटी निवासी स्वरित सिंह पिता कमलेश्वर सिंह 20 साल को 14 अगस्त को गिरफ्तार कर थाने में रखा था। उसकी सुरक्षा में रात 9 से 15 अगस्त की सुबह 9 बजे आरक्षक रविशंकर जगत व प्रदीप पाव की ड्यूटी लगाई थी और मुंशी में प्रधान आरक्षक बालेश्वर प्रसाद तिवारी तैनात थे। सूत्रों के मुताबिक रात में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मी थाने के गार्ड रूम में रात 2 बजे तक बैठकर जमकर शराब पी। उसके बाद खर्राटे मारकर सो गए। इधर एनओ अधिकारी क्षेत्र में चेकिंग पर निकल गए थे। पुलिसकर्मियों मदहोश होकर खर्राटे मारते हुए सोते देख आरोपी स्वरित सिंह हाथ में बंधे हथकड़ी को सरकाकर निकालकर आराम से थाने से निकलकर भाग गया था। पुलिस ने प्रधान आरक्षक बालेश्वर प्रसाद तिवारी की रिपोर्ट पर फरार आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर खानापूर्ति कर ली है। एसएसपी रजनेश सिंह ने ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने वाले आरक्षक रविशंकर जगत व प्रदीप पाव निलंबित कर दिया है। इधर तीसरे दिन भी पुलिस फरार आरोपी को नहीं पकड़ पाई है।

### निलंबित किया गया

कोनी थाना से बलात्कार मामले के आरोपी के भागने पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले दो आरक्षकों को निलंबित किया गया है। थानेदार को फरार आरोपी को पकड़ने निर्देश दिया गया है।

- **रजनेश सिंह** एसएसपी

## एनएचएम कर्मचारियों का एलान, आज से हड़ताल

- 700 से अधिक स्वास्थ्यकर्मी होंगे शामिल, आपातकालीन सेवाएं भी बंद

**बिलासपुर।** सरकार द्वारा 10 सूत्रीय मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेने से नाराज एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने का एलान कर दिया है। 18 अगस्त से प्रदेशभर के 16 हजार से अधिक कर्मचारी कामबंद- कलमबंद हड़ताल करने को आमादा है। जिले के 700 कर्मचारी आंदोलन में शामिल होंगे।

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले आयोजित हड़ताल में कर्मचारियों ने सरकार की बेरुखी और अड़ियल रवैए को अनिश्चितकालीन हड़ताल का जिम्मेदार बताया है। इस बार संघ ने विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई समेत सभी आपातकालीन सेवाओं को भी बंद रखने का कठोर निर्णय लिया है। शासन को इसकी पूर्व सूचना पहले ही दे दी गई है। बीएमओ, सीएमएचओ और स्वास्थ्य अधिकारियों को इसकी सूचना भेज दी गई है। एनएचएम कर्मचारियों की मांग में संविलियन/स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे का निर्धारण,कार्य मूल्यांकन प्रणाली में पारदर्शिता, लंबित 27% वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में एनएचएम कर्मचारियों के लिए आरक्षण, अनुकम्पा नियुक्ति, मेडिकल व अन्य अवकाश की सुविधा जैसी मांगें शामिल है।

### निर्माण एजेंसियों के खातों में ब्याज बढ़ा रही विधायक निधि, 172 काम वित्तीय वर्ष 2011 से 22-23 तक के

# चौदह साल बाद भी शुरु नहीं हो सके 26 करोड़ के 427 काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्षेत्र के विकास को लेकर विधायकों द्वारा अपनी निधि से जारी राशि निर्माण एजेंसियों के खातों में ब्याज बढ़ा रही है। जिले में वित्तीय वर्ष 2011 से अब तक स्वीकृत 3 हजार 393 कार्यों में 26 करोड़ की लागत के 427 कार्य ऐसे हैं, जो आज तक प्रारंभ ही नहीं किए जा सके हैं। इनमें 255 कार्य अकेले वर्ष 2024-25 के हैं, जबकि 172 कार्य पिछले चौदह सालों से अपने निर्माण की बाट जोह रहे हैं।

राशि के अभाव में किसी कार्य का प्रारंभ न हो पाना एक सामान्य विषय हो सकता है, लेकिन हाथ में राशि रखते हुए भी कार्य का प्रारंभ न हो पाना समझ से परे है। इतना ही नहीं अगर निर्माण एजेंसियां निर्माण की राशि हाथ में रखकर कार्य प्रारंभ करने के लिए बीते चौदह वर्षों से शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रही हों, तो जिले के लिए इससे बड़ी विडंबना दूसरी नहीं हो सकती।

जिले में वित्तीय वर्ष 2011 से लेकर 2025 तक विधायक निधि से कुल 3 हजार 393 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें 2 हजार 966 कार्य तो निर्धारित समयावधि में प्रारंभ कर लिए गए, लेकिन 427 कार्य आज दिनांक तक अप्रारंभ हैं। अप्रारंभ कार्यों में 255 कार्य बीते वित्तीय वर्ष के हैं, जिससे यह माना जा सकता है कि विभिन्न परेशानियों के कारण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सका होगा, लेकिन 172 कार्यों का चौदह वर्षों में भी अप्रारंभ रह जाना निर्माण एजेंसियों की निरंकुशता का उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

### क्या हैं अनुशंसा प्राप्त करने व निर्माण पूर्ण करने के नियम?

शासन की गाइडलाईन में विधायकों से अनुशंसा प्राप्त कर राशि जारी करने के लिए दो बातें उल्लेखित हैं। इसके अंतर्गत नए वित्तीय वर्ष के प्रारंभ होने के बाद अप्रैल से जून महीने तक तीन माह में ही विधायकों से सारी अनुशंसाएं प्राप्त हो जानी चाहिए, लेकिन इस अवधि तक केवल 10 प्रतिशत अनुशंसा ही प्राप्त हो पाती है। दूसरी शर्त में वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पंद्रह दिनों पूर्व 15 मार्च तक हर हाल में सारी अनुशंसाएं प्राप्त कर राशि भी जारी हो जानी चाहिए। ज्यादातर मामलों में राशि 15 मार्च तक ही जारी की जाती हैं, लेकिन पंद्रह दिनों बाद ही नए वित्तीय वर्ष के प्रारंभ होते ही बीते वित्तीय वर्ष के सारे काम अप्रारंभ की श्रेणी में आ जाते हैं।



### निर्माण एजेंसियों के खातों में इसलिए डालनी पड़ती है राशि

विधायकों से कार्य की अनुशंसा व राशि जारी होने के बाद भी संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा 31 मार्च तक भी ट्रेजरी से आहरण नहीं किए जाने की दशा में राशि लेप्स हो जाती है। यही कारण है कि लैप्स होने से बचाने के उद्देश्य से उक्त राशि को संबंधित निर्माण एजेंसी के खाते में जबर्दस्ती जमा कर दिया जाता है, ताकि देर से ही सही, लेकिन उक्त राशि का उपयोग स्वीकृत कार्यों में किया जा सके।

### टेंडर वाले कार्यों में सर्वाधिक दिक्कत

विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों में आमतौर पर ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम व आरईएस कार्य एजेंसी होती है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायतों के माध्यम से होने वाले कार्य तो सरपंच ही पूर्ण कर लेते हैं, जिसमें आमतौर पर कोई दिक्कत नहीं आती। इसके विपरीत नगरीय निकायों व आरईएस द्वारा कराए जाने कार्यों के लिए टेंडर जारी करना होता है, जिससे एक कार्य के लिए कभी-कभी कई बार भी टेंडर जारी करना पड़ जाता है। कई मामलों में ज्यादातर बार टेंडर निकालने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं हो पाते।

### की गई थी समीक्षा

बीते दिनों संबंधितों की समीक्षा बैठक ली थी, जिसमें अनेक लंबित कार्यों को प्रारंभ करवाया गया था। इस संबंध में जल्द ही कलेक्टर भी समीक्षा करने वाले हैं। कहां दिक्कत आ रही है, सारा मामला पकड़ में आ जाएगा।

- **संदीप अग्रवाल**
नोडल अधिकारी व सीईओ जिला पंचायत

## खबर संक्षेप

### सनाढ्य ब्राह्मण समाज के दीक्षित अध्यक्ष, सतीश सचिव, अभय कोषाध्यक्ष



बिलासपुर। सनाढ्य ब्राह्मण समाज की बैठक स्व. लखीराम अग्रवाल सभा भवन में आयोजित की गई। जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि सत्र 2025- 26 के लिए लक्ष्मी नारायण दीक्षित को अध्यक्ष, सतीश तिवारी को सचिव, कोषाध्यक्ष अभय बरुआ, सह सचिव राकेश मिश्रा को चुना गया। सह कोषाध्यक्ष शैलेंद्र उपाध्याय, उपाध्यक्ष अनुपम तिवारी, मनोज व्यास, विवेक पाराशर, आनंद मूर्ति मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद दुबे, प्रकाश तिवारी, भरत पांडे को चुना गया। वहीं संगठन महासचिव ऋषि उपाध्याय को बनाया गया। बैठक में ओपी बिरथरे, नरेंद्र सहारिया, मथुरा प्रसाद वैद्य, दिनेश उपाध्याय, सनत कुमार पांडे, सुरेश बरुआ, सीताराम दीक्षित, प्रमोद दीक्षित, आनंद मूर्ति मिश्रा, चंद्रभूषण दीक्षित, सुरेश पचौरी, दीप राज उपाध्याय, राजेश मिश्रा, मधुसूदन शर्मा, प्रदीप कुमार दीक्षित, मोहन लाल पचौरी, अरविंद सिरोटियां, डॉक्टर तनुजा बिरथरे, हरि नारायण दीक्षित, सिद्धार्थ जारोलिया, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, अभय बरुआ, सतीश तिवारी, राकेश मिश्रा, भारत पांडे, हर्ष मिश्रा,अजय मिश्रा, प्रकाश तिवारी, शैलेंद्र उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ अधिकारी -कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन आंदोलन में शामिल होगा



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ अधिकारी -कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा के कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। इसमें 22 अगस्त के फेडरेशन के आंदोलन में पेंशनर समर्थन करते हुए आंदोलन में शामिल होने का निर्णय लिया गया है। पेंशनरों की मुख्य मांग लंबित 2% महंगाई राहत भत्ता भुगतान करने की है, जिसे फेडरेशन ने अपनी मांग पत्र में शामिल किया है। पेंशनर आंदोलन में बढ़ -चढ़कर भाग लेंगे। पेंशनर्स एसोसिएशन प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक 24 अगस्त को सुबह 10.30 बजे दीक्षित सभा भवन लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में होगी। इसमें बिलासपुर जिला पेंशनर्स एसोसिएशन ने लंबित मांगों को लेकर आंदोलन का प्रस्ताव प्रांतीय बैठक में रखेंगें। पेंशनर्स एसोसिएशन को जिला में संघटनात्मक रूप से मजबूत बनाने का भी निर्णय लेते हुए सभी तहसीलों में सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। जिला कार्यकारिणी की बैठक में पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पी आर यादव, उपाध्यक्ष आर पी सिंह, जगत मिश्रा, ललित पांडे, सचिव डी एल डहरिया, महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, राजेंद्र पांडे, कोषाध्यक्ष सुहाष चिपड़े, जिला अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा, नंद कुमार साहू, क्रांति शर्मा, डी एन कश्यप, अमरनाथ साहू , विजय श्रीवास हिमाचल साहू, जनक राम साहू आदि उपस्थित थे।

### घोड़ादाना स्कूल कैंपस में दुर्घटना मृत बालिका आंगनबाड़ी की नहीं

बिलासपुर। घोड़ादाना स्कूल परिसर मे पिछले दिनों जिस 3 वर्षीय बालिका की मौत हुई है वह आँगनबाड़ी की नहीं है। उसका नाम किसी भी केन्द्र में दर्ज नहीं है। वह वह दो तीन महीने पहले अपने किसी रिश्तेदार के यहां रहने आयी थी और स्कूल कैम्पस में खेल रही थी। इसी दौरान वहां रखे लोहे के समान के गिरने से वह घायल हो गई। उसे आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने अस्पताल पहुंचाया जहाँ इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी ने जांच में बताया कि दुर्घटना के दौरान कोई उपचार करने नहीं आया इसलिए विभाग की महिला कार्यकर्ता ने उसका इलाज कराया। मृत बच्ची आंगन बाड़ी की नहीं थी।

### एक शाम वीर शहीदों के नाम कलाकारों ने दी देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति



बिलासपुर। डॉ. आम्बेडकर स्कूल मगरपारा में एक शाम वीर शहीदों के नाम 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर एवर ग्रीन म्यूजीकल ग्रुप प्रजेंस व प्रमुख सिंगर एण्ड इवेन्ट आर्गनाईजर राजेश रामटेके द्वारा किशोर कुमार को की जयंती पर देश भक्ति गीतों की रंगारंग प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि द्वय वंदना महेश चन्द्रिकापुरे, राजश्री सारंगराव हुमने थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सिविल लाइन थाना प्रभारी सुम्मत सिंह साहू ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की। इस अवसर पर राजेश हुमने ने बताया कि 10 कलाकारों के दूसरे राउण्ड में प्रथम आशुतोष कटकवार, द्वितीय संगीता भटनागर, तृतीय अशोक कुमार रहे। मुख्य अतिथि वंदना महेश चन्द्रिकापुरे व राजश्री सारंग राव हुमने के साथ ही निर्णायक मण्डल के प्रमुख मो इस्माईल खान व चम्पा भट्टाचार द्वारा उनका सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन जावेद खान, विनोद नेताम जानी एवं राजेश हुमने ने किया।

### एकलव्य स्कूलों की राज्य खेल स्पर्धा 19 से, साव करेंगे उद्घाटन

बिलासपुर। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता 19 एवं 20 अगस्त को बिलासपुर में आयोजित की गई है। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 2 हजार खिलाड़ी एवं अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे। व्यक्तिगत और सामूहिक मिलाकर कुल 20 खेलों में प्रतियोगिता होगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने इसकी सफलता के लिए विभिन्न विभागों और अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। प्रतियोगिता का उद्घाटन एवं समापन समारोह बहतराई स्थित राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में होगा। शुभारंभ 19 अगस्त को शाम 6 बजे मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव करेंगे। इसकी अध्यक्षता विधायक धरम लाल कौशिक करेंगे। समारोह के विशिष्ट अतिथियों में विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक सुशांत शुक्ला, विधायक अटल श्रीवास्तव, विधायक दिलीप लहरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, मेयर पूजा विधानी होंगी।

नीले कलर की यूनिफार्म सफेद दिखने लगी, सभी ड्रेस कमजोर धागे से एक बार सिलाई की गई है

# 15 दिन में फटी सरकारी ड्रेस, रंग भी निकल गया आठवीं के बच्चों को बांट दिया पांचवी का यूनिफार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





शासकीय स्कूल के बच्चों को दी गई यूनिफार्म उनके लिए परेशानी का कारण बन गई है। ड्रेस के लिए नाप ही नहीं लिए गए बल्कि यूनिवर्सल साइज के हिसाब से यूनिफॉर्म बनाई गईं और भेज दी गई। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इसके बारे में यह तक जानने की कोशिश नहीं की कि ड्रेस में उपयोग किए गए कपड़े की क्वालिटी कैसी है और बच्चे उन्हें ठीक से पहन भी पा रहे हैं या नहीं। अब हाल यह है कि यूनिफार्म का वितरण तो कर दिया गया, लेकिन गड़बड़ी साफ दिख रही है। करीब 15 दिन पहले मिली यह ड्रेस खराब हो रही है। सिलाई निकल रहा है तो एक बार धोने के बाद ही रंग निकल गया है। नीले कलर की यूनिफार्म सफेद दिखने लगी है। कई यूनिफार्म कच्ची सिलाई के भी हैं। सभी ड्रेस कच्ची (कमजोर धागा से एक बार) सिलाई हुई है। आठवीं के बच्चों को पांचवी की ड्रेस बांट दी गई है। बच्चों की निकर इतनी छोटी है कि स्कूल पहनकर आने में शर्मा रहे हैं। इसी कारण रंग बिरंगे कपड़े पहनकर बच्चे स्कूल पहुंच रहे हैं।

■ ड्रेस के लिए नाप ही नहीं लिए गए

शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को हर साल सरकार की ओर से निःशुल्क गणवेश (यूनिफॉर्म) दी जाती है ताकि गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को शिक्षा के में कोई बाधा न आए। इस बार शासन से जो ड्रेस मिली है उसमें अधिकांश बच्चों को उनके नाप के हिसाब से गणवेश नही मिली है। इस कारण बच्चों को खेलने के साथ-साथ उठने बैठने में भी समस्या हो रही है। जिसके कारण बच्चों का ध्यान पढ़ाई की जगह ड्रेस के कारण हो रही तकलीफ पर ज्यादा रहता है। मिली जानकारी के मुताबिक यूनिफॉर्म की साइज का कार्य ठेका आधारित सप्लायरों के जिम्मे है। प्रत्येक स्कूल से छात्रों के नाप लेकर उसे एजेंसी को भेजा जाता है लेकिन यह प्रक्रिया कितनी सटीक हुई है, इस पर अब सवाल उठ रहे हैं।

#### इनको मिलता है यूनिफार्म

| कक्षा | जाति | प्रदायकर्ता |
|---|---|---|
| 1 से 5 तक | अजाजजा बालिकाएं | लोक शिक्षण संचालनालय |
| 1 से 8 तक | गरीबी रेखा के ऊपर (एपीएल) बालक | लोक शिक्षण संचालनालय |
| 1 से 5 तक | अजाजजा बालक | सर्व शिक्षा अभियान |
| 6 से 8 तक | अजाजजा बालक एवं बालिकाएं दोनों | सर्व शिक्षा अभियान |
| 1 से 8 तक | गरीबी रेखा के ऊपर (एपीएल) बालिकाएं | सर्व शिक्षा अभियान |
| 1 से 8 तक | सामान्य एवं पिछड़ी जाती गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल) बालक एवं बालिकाएं दोनों | सर्व शिक्षा अभियान |

#### साइज नहीं कक्षा के हिसाब से भेजी ड्रेस

वहीं स्कूलों के प्राचार्यों से बात करने पर पता चला कि बच्चों की गणवेश वितरण करने से पहले बच्चों की गणवेश की नाप उनकी कक्षाओं के अनुसार ही तय किए जाते हैं। जैसे कक्षा 6 वीं के बच्चें हैं तो उनके लिए 'एस' साइज वहीं 7वीं या 8 वीं कक्षा के बच्चे हैं तो उनके लिए एम साइज। इसी के आधार पर स्कूलों में गणवेश आती है, और उसे उसी के हिसाब से ही कक्षाओं में बच्चों को बांटा जाता है। संकुल समन्वयकों का कहना है कि 22 से लेकर 34 साइज तक के ड्रेस सिलाई होते हैं। इसके लिए राज्य स्तर पर ही टेंडर होता है।

#### कहीं छोटी तो कहीं बेहद ढीली, फिटिंग की जांच नहीं

इस बारे में पालकों का कहना है कि शहर के विभिन्न स्कूलों से लगातार शिकायतें मिल रहीं हैं कि बच्चों को जो यूनिफॉर्म दी गई है वह उनके नाप के हिसाब से नहीं है। कुछ छात्रों को इतनी छोटी यूनिफॉर्म मिली है कि वे पहन ही नहीं पा रहे हैं तो कुछ को इतनी बड़ी कि उसे बार-बार संभालना पड़ता है। शिक्षक भी मानते हैं कि इससे बच्चों के आत्मविश्वास पर असर पड़ रहा है। कक्षा 5 वीं में पढ़ने वाली एक छात्रा के पालक का कहना है कि स्कूलों में जो यूनिफॉर्म मिली है वो इतनी छोटी है कि बच्चे के घुटने के ऊपर तक ही रह जाती है। ऐसे में बच्चे को यह यनिफॉर्म पहनने में शर्म आती है। जिसके कारण छात्रा के पालक को अपने बच्चे के लिए बाजार से दूसरी यूनिफॉर्म खरीदनी पड़ी लेकिन सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हर बच्चे के माता-पिता नई ड्रेस खरीदने में सक्षम नहीं है।

#### दर्जी से करवानी पड़ी फिटिंग इसके बाद भी परेशानी

हरिभूमि ने शहर के ही कुछ स्कूलों का जायजा लिया तो अधिकांश छात्र रंग बिरंगे कपड़ों में मिले। पूछने पर छात्रों ने बताया कि स्कूल की तरफ से गणवेश मिली है मगर नाप से अधिक बड़ी होने के कारण दर्जी से दोबारा कटिंग कर सिलाई करके पहन रहे हैं। कुछ को छोटी गणवेश मिली है जिसके कारण इसमें शरीर जकड़ा सा लगता है। कुछ छात्राओं ने पिछले साल की ड्रेस पहनी थी क्योंकि इस साल वाली यूनिफार्म फिट नहीं आ रही है।

#### मंगाई जा रही है रिपोर्ट

इस बारे में कई स्कूलों से शिकायत मिली है। अधिकारियों से पूरी रिपोर्ट मंगाई जा रही है। इसे मंत्रालय भेजा जाएगा और बेहतर यूनिफार्म की मांग की जाएगी।

- विजय तांडे,
जिला शिक्षा अधिकारी

### क्लब के सेवाभाव की हमेशा याद दिलाता रहेगा रोटरी चौकः अमर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के लिंक रोड से श्रीकांत वर्मा मार्ग जाने वाले चौक पर नवनिर्मित रोटरी चौक का लोकार्पण किया गया है।

इस मौके पर पूर्व मंत्री व शहर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि शहर में सेवाभावी संस्था के रूप में जाना जाने वाले रोटरी क्लब की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। यह चौक उनके सेवाभाव की याद शहर के नागरिकों को दिलाता रहेगा। रोटरी चौक का लोकार्पण सह रोटरी क्लब का सम्मेलन लिंक रोड स्थित कुंदन पैलेस में हुआ। इस अवसर पर प्रमुख अतिथियों के रूप में नगर विधायक अमर अग्रवाल के साथ ही महापौर पूजा विधानी व निगम के सभापति विनोद सोनी उपस्थित रहे। सम्मेलन में विधायक अमर ने कहा कि रोटरी क्लब के सेवा कार्यों और रोटेरियंस की इसमें बढ़-चढ़कर सहभागिता के विषय में ज्यादा बताने की आवश्यकता नहीं है। उनका काम ही दिखता है। महापौर पूजा विधानी ने रोटरी चौक के लोकार्पण समारोह में अपनी उपस्थिति को गौरवान्वित करने वाली बात कही। सभापति सोनी ने भी अपनी बात रखी।0 पूर्व प्रांतपाल मिश्र की उपस्थिति ने बढ़ाई गरिमासम्मेलन में शहर के रोटरी क्लब के विभिन्न संगठनों के रोटेरियन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वहीं इस कार्यक्रम की गरिमा को जबलपुर के पूर्व प्रांतपाल अखिल मिश्र ने बढ़ाई। उन्होंने शहर में क्लब की ओर से किए जा रहे कार्यों व रोटेरियंस के सहयोग की तारीफ की। कोरबा से संजय बुधिया और डा. बोर्डे की भी विशेष उपस्थिति रही।बाक्स-चौक की संपूर्ण देखभाल करेगा रोटरी परिवारः गुरमीतरोटरी क्लब बिलासपुर के अध्यक्ष गुरमीत सिंह अरोरा ने कहा कि रोटरी चौक की सुव्यवस्था और इसकी देखभाल पूरा रोटरी परिवार करेगा। नाम की गरिमा को निरंतर बनाए रखते हुए नागरिकों की सुविधा के लिए भी समय-समय पर पहल की जाएगी। इसके लिए हम सभी संकल्पित हैं।

■ लिंक रोड पर नवनिर्मित रोटरी चौक का किया गया लोकार्पण

कार्यक्रम में सचिव डा. चरनजीत सिंह गंभीर, एसपी चतुर्वेदी, पं. संजय दुबे, मेंटर डा. देवेंदर सिंह, विकास केजरीवाल, सीए रूपिन खंडूजा, डा. सिद्धार्थ वर्मा, बालचंद जायसवाल, डा. सुनील केडिया, डा. अमित वर्मा, डा. मनोज राय, संजय दुआ, प्रकाश माहेश्वरी, संदीप केडिया, पीयूष गुप्ता, सतीष सुल्तानिया, डा. गौरव प्रजापति, डा. किरणपाल सिंह चावला, प्रमोद अग्रवाल, रौनक साव, डा. दीपक गुप्ता, तिलकराज कालड़ा, डा. मुकुल श्रीवास्तव, डा. अभिषेक शाह, विमलेश अग्रवाल, शैलेष अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, मनोज उबरानी, शरद सक्सेना आदि मौजूद थे।

# आन-बान शान से लहराया तिरंगा, देशभक्ति गीतों की रही गूंज

बिलासपुर। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक व शैक्षणिक संगठनों ने स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस दौरान के वीर शहीदों का नमन किया गया। बच्चों को आजादी का महत्व बताया गया। विभिन्न संगठनों में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। हर जगह तिरंगा आन् बान शान से लहराया। शहीद परिवार के परिजनों के प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने लोगों को देश की रक्षा का संकल्प दिलाया। स्वच्छता पर जोर दिया गया। रैली निकालकर लोगों को आजादी का महत्व बताया गया।

### डीपीएस के प्राचार्य ने किया ध्वजारोहण आजादी का बताया महत्व



बिलासपुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल में 79 में स्वतंत्रता दिवस की पावन बेला में संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह माथ ने ध्वजारोहण किया । प्राचार्य ने देश की स्वतंत्रता में देशभक्ति के बलिदान को याद किया । वर्तमान पीढ़ी को अपने देश के प्रति कर्तव्यों को याद दिलाया। वर्तमान में सारा विश्व युद्ध की विशेषता से जूझ रहा है जब महात्मा गांधी के अहिंसा के सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक हो जाते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रगान, देश भक्ति गीत की समूह प्रस्तुति दी गई। अथर्व देव सिंह ने कविता पाठ किया । हरमन सिंह खालसा, शुपेक्षा यादव और वीरिका विश्वकर्मा ने देशभक्ति रचनाएं प्रस्तुत की। नन्हे मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर मनोहारी प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। प्रशासनिक अधिकारी आरसी मोहंती, चीफ एडमिनिस्ट्रेशन अफसर सुरेंद्र नाथ पाठक, बलवान सिंधु, अरविंद त्यागी ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। धारा प्रवाह संचालन विशेष झुनझुनवाला और सावी वासुदेवन ने किया। अक्षत कश्यप ने सारगर्भित भाषण दिया। आलोक पांडे और संदीप चटर्जी ने सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम संयोजक मनोज कश्यप और संचालन संयोजिका ऋचा मेहरोत्रा रही।

### सीएमडी कॉलेज में चेयरमैन दुबे ने किया ध्वजारोहण



बिलासपुर। सीएम दुबे महाविद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे एवं शासी निकाय के सदस्य अमन दुबे थे। मुख्य अतिथि श्री दुबे ने ध्वजारोहण किया। महाविद्यालय के पूर्व छात्र एवं शहीद उपनिरीक्षक विनोद सिंह कौशिक, आरक्षक 293 विनय शुक्ला, स्व. दीपक भारद्वाज एवं अन्य शहीदों को पुष्पगुच्छ अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्ष श्री दुबे बताया कि महाविद्यालय में एमबीए एवं एमसीए जैसे नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ हो चुके हैं, जो बदलते परिवेश में शिक्षा का एक नया आयाम हैं। इस अवसर पर छात्राओं ने पर्यावरण के अनुकूल राखियां तैयार कर पुलिसकर्मियों के बीच वितरित की। एनसीसी कैडेट्स की सराहना की और आरडीसी कैम्प के लिए चयनित 5 छात्रों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इन प्रतिभागियों को भी मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. संजय सिंह, बी.एड. प्राचार्य डॉ. अंजली चतुर्वेदी, राजकुमार पाण्डा, डॉ. सुमेला चटर्जी, उप प्राचार्य डॉ. कमलेश जैन, डॉ. विनीत नायर, नरेन्द्र टण्डन, के.एस. राजपूत एवं प्रवीण गुप्ता का योगदान रहा।

### एवीएम के बच्चों ने ली स्वच्छता की शपथ डा. अजय ने किया ध्वजारोहण



बिलासपुर। कोनी आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि आशीष श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया। प्राचार्या जी आर मधुलिका ने सभी को पर्यावरण एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि आशीष श्रीवास्तव, चेयर मेन डॉ अजय श्रीवास्तव, निदेशक एस के जना स्वामी एवं प्राचार्या जी आर मधुलिका ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। चेयरमेन डॉ श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को लघुपौध देकर कर स्वागत किया। विद्यालय के निदेशक एस के जनस्वामी ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है। विद्यालय के चेयरमेन डॉ अजय श्रीवास्तव ने कहा कि स्वतंत्रता की रक्षा तभी संभव है, जब हम अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा से करेंगे। चेयरमेन डॉ अजय ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया। खेल में जोश,आपसी समांजस्य और देशप्रेम को प्रकट करने के लिए इंटरहाउस खेल प्रतियोगिताएं हुईं। जिनमें क्रिकेट (शिक्षक बनाम विद्यार्थी), बास्केटबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी, रस्साकशी, पिट्ठुल,रूमाल झपट्टा और किंडर वर्ग की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता शामिल रहीं।

### न्यू होराईजन डेन्टल कालेज सकरी में मनी आजादी की वर्षगांठ



बिलासपुर। भारत की आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर न्यू होराईजन डेन्टल कालेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट सकरी में आजादी का जश्न मनाया गया। ध्वजारोहण कॉलेज के सेक्रेटरी अशोक अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि मंगत राय अग्रवाल एवं शैलेन्द्र दुबे, अवध जाजोदिया एवं प्रियंका अग्रवाल उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। जिसमें गीत एवं नृत्य के प्रदर्शन के साथ ही आजादी के संघर्ष की गाथा को नृत्य नाटिका के रूप में प्रस्तुत किया गया। छायाचित्र प्रतियोगिता में नए भारत की नई तस्वीर शीर्षक 'द राइजिंग इंडिया' के अंतर्गत छात्राओं ने अपने चित्र प्रदर्शित किए। इस अवसर पर आरपी अग्रवाल ने छात्रों के मनोरंजन के लिए जादू के कारनामे दिखाए। डीन डॉक्टर राणा के वर्गीज ने सभी का आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मौजूद बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया।

### महमंद स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह



बिलासपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महमंद में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सरपंच पूजा विक्की निर्मलकर मुख्य थीं। इसके साथ ही एसएमडीसी के अध्यक्ष मनोज सिंह और जिला पंचापत के सभापति ओम प्रकाश सूर्या, सभी पंच और बड़ी संख्या में गांव वाले उपस्थित थे। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति विद्यार्थियों द्वारा दी गई। श्रीमती शांति सोनी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस वर्तमान के परिप्रेक्ष्य में भारत की उपलब्धियां का वर्णन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 9 वी 10 वीं और 11 वीं में क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रमाण पत्र पाने वाले विद्यार्थियों और एनएसपीसी प्रतियोगिता राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण संरक्षण प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान जिला पंचायत सभापति द्वारा स्कूल में शेड बनवाने की घोषणा की गई। आभार प्रदर्शन पल्लवी शर्मा ने किया।

### मित्र मंडल नेहरू नगर में अध्यक्ष वर्मा ने किया ध्वजारोहण



बिलासपुर। मित्र मंडल नेहरू नगर ने स्वतंत्रता दिवस मनाया। यहां अध्यक्ष विनोद वर्मा ने ध्वजारोहण किया। श्री वर्मा ने लोगों को आजादी का महत्व बताते हुए देश की सुरक्षा का संकल्प लिया। लोगों से अच्छा नागरिक बनकर समाज सेवा करने की अपील की। उन्होंने राष्ट्र की एकता के लिए बालिका शिक्षा पर जोर दिया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसे सभी ने खबू रहा। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में सुजीत गुप्ता, शुभांगी प्रीति गुप्ता, बसंती वर्मा, वीसी अग्रवाल,शिल्पी अग्रवाल, आम्रपाली सोमावार,पंकज पंचायती, रविन्द्र मिश्रा, कांशीराम दीक्षित, देवेन्द्र सिंह कालरा डब्ल्यू एस खान खोजे, एस एन सहारिया, जयदीप तिवारी आदि मौजूद थे।

### अच्छी आदतें व्यक्तित्व विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैंः डा. नम्रता



बिलासपुर। मोपका के प्रयास पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. नम्रता सिंह, महाराणा प्रताप महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ नम्रता सिंह के साथ विद्यालय के संस्थापक डॉ. सचिन यादव, समन्वयक विक्की सोनी और प्राचार्य डॉ. पद्माकर ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के पुष्पगुच्छ से स्वागत के पश्चात विद्यालय की हेड गर्ल और हेड बॉय के संबोधन से हुई। मुख्य अतिथि डॉ. नम्रता ने देशभक्तों और स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा व्यक्त की। विद्यार्थियों को अच्छी आदतें अपनाने की सीख दी। उन्होंने आदतों से संस्कारों के विकास की बात कही। डॉ अनीता सिंह ने विद्यार्थियों को देश का भविष्य बताते हुए उन्हे अपने कर्तव्य मार्ग पर चलते रहने की सलाह दी विद्यालय के संस्थापक डॉ. सचिन यादव ने विद्यार्थियों को बिजली, पानी व अन्य संसाधनों की रक्षा करने की सीख दी।

### शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में प्राचार्य निलेश ने किया ध्वजारोहण



बिलासपुर। शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल सिरगिट्टी में भव्य ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य निलेश गुप्ता ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता के महत्व, राष्ट्रप्रेम और अनुशासन का संदेश दिया। रिया यादव, निहारिका यादव, तनु यादव एवं मोहित साहू ने देशभक्ति भाषण प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मौजूद नन्हें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। देशभक्ति गीतों ने लोगों के दिलों में देशभक्ति का जज्बा लाया। इस अवसर पर देवेंद्र सन्नाड, शहनाज बेगम, बिंदेश्वरी पाल, संजू सिंह, लिलेश्वरी पोर्ते, ममता सिंह, मधु, मेघा विश्वकर्मा, भारती, काजल वैष्णव, सबनम बी, शाहिस्ता, संध्या नायक एवं नीलू उपस्थित रहे।

हरिभूमि
बिलासपुर, सोमवार 18 अगस्त 2025
लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



पहल

## भारतीय जैन संघठना की संयुक्त पहल, वस्त्र संगम का शुभारंभ



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में भारतीय जैन संघटना के वस्त्र संगम का भव्य शुभारंभ किया। यह दूरदर्शी और मानवीय पहल कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल की परिकल्पना है, जो सहयोग से समृद्धि के मूलमंत्र पर आधारित है। इस पहल का उद्देश्य केवल वस्त्र दान नहीं बल्कि हर दान को सम्मान, स्नेह और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ जोड़ना है ताकि प्रत्येक कपड़ा गरिमा की कहानी कहे और हर हाथ में आशा का संदेश पहुँचे। मुख्य अतिथि वैभव सुरंगे ने प्रो चक्रवाल की दृष्टि और मिशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब संस्थाएं और समुदाय एक साथ आते हैं तो बदलाव की लहर और गहरी होती है। उन्होंने बीजेएस की भागीदारी को इस पहल की सफलता की गारंटी बताया। विशिष्ट अतिथि प्रो नीलांबरी दवे ने कहा कि हमें शेयरिंग और केयरिंग की संस्कृति को अपनाना होगा, क्योंकि यही स्थायी विकास और सामाजिक सौहार्द की नींव है।

कार्यक्रम

## जादूगर आर पी अग्रवाल के मैजिक शो की 77 वीं वर्षगांठ मनाई गई



**बिलासपुर।** सेवा निवृत्त चीफ इंजीनियर आर पी अग्रवाल ने न्यू होराइजन डेंटल कालेज में मैजिक शो की 77 वीं वर्षगांठ मनाई सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद जादू का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम प्रारंभ में ही आर पी अग्रवाल ने कहा कि अब तक मैं जहां जाता था दर्शकों का मनोरंजन करता था आज इन कलाकारों मेरा मनोरंजन किया। दर्शकों से एक महिला को मंच पर बुलाकर कहा कि आप दाँया कान सहलाते जा रही हैं फिर मोबाइल की रोशनी से मेंग्नी फाईंग ग्लास से देखने के बाद उनके कान से मैजिक वांड निकाल कर दर्शकों की खूब तालियां बटौरी। एक खाली फ्रेम दर्शकों को दिखाकर रुमाल से ढंक देते हैं और एक दर्शक से दस देवी देवताओं के नाम की टिकियों में एक चुनने को कहते हैं। कार्यक्रम के अंत में कालेज के सचिव अशोक अग्रवाल, डीन श्री वर्गीस एवं अग्रवाल समाज के कर्मठ सदस्य एवं अनेक संस्थाओं के अध्यक्ष मौजूद थे।

कार्यक्रम

## व्यापारी संघ ने आयोजित किया एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के तत्वावधान में एक शाम शहीदों के नाम देशभक्ति गीत प्रतियोगिता व आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्रबाधित कु. पूजा एव मास्टर पृथ्वीराज ने गीत-मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी..गाकर सभी का दिल जीत लिया।संघ के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता की महत्ता और उसके प्रति हमारे कर्तव्य हमें स्वतंत्रता सेनानियों की बलिदानों को सम्मान देने और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। स्वतंत्रता का मतलब केवल बाहरी स्वतंत्रता नहीं है बल्कि हमें अपने अंतरराष्ट्रीय दिवस और कर्तव्य को समझ और उसका पालन करें। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दृष्टि बाधित कु. पूजा, द्वितीय नवीन टोप्पो, तृतीय स्थान अनिल गोरे ने हासिल किया।

आयोजन

## 20 किलोमीटर लंबी साईकिल रैली से स्वच्छता का दिया संदेश



**बिलासपुर।** आज़ादी के 79वें वर्ष पर राइडिंग कम्युनिटी ऑफ़ ने एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ सुबह 6:30 बजे रिवर व्यू से हुआ। यह यात्रा देवकी नंदन चौक, गोलबाजार, गांधी चौक, तोरवा चौक, व्यापार विहार होते हुए अग्रसेन चौक से नेहरू चौक पर सम्पन्न हुई। लगभग 20 किलोमीटर लंबी इस राइड ने पूरे शहर में ग्रीन सिटी स्वच्छ बिलासपुर, स्वस्थ बिलासपुर का संदेश दिया। इस साइकिल रैली में 30 सदस्य शामिल हुए। खास बात यह रही कि इसमें 8 साल के छोटे बच्चों से लेकर स्कूल-कॉलेज के छात्र, डॉक्टर और व्यवसायी सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और देशभक्ति के साथ फिटनेस का संदेश दिया। सभी प्रतिभागियों ने एकता, अनुशासन और उत्साह के साथ साइकिल चलाकर स्वतंत्रता दिवस को खास बनाया।

# बहनों ने करू भात व छत्तीसगढ़ी पकवानों का उठाया लुत्फ

**इंडोर स्टेडियम बहतराई में कमल सखी व भाजपा महिला मोर्चा बेलतरा के संयुक्त तत्वाधान में तीजा तिहार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर करू भात सहित अन्य छत्तीसगढ़ी पकवानों का लुत्फ उठाया। उपस्थित इन बहनों के सम्मान में लोक गायिका अल्का चन्द्राकर एण्ड टीम ने छत्तीसगढ़ी लोक गीत व लोक नृत्य की झमाझम प्रस्तुति देकर माहौल को लोक संगीतमय कर दिया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम का शुभारंभ मां महामाया की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मंचस्थ अतिथि मीना अरूण साव, सांसद जांजगीर-चांपा श्रीमती कमलेश जांगड़े, विधायक पत्थलगांव गोमती साय, विधायक पण्डरिया भावना बोहरा, महापौर पूजा विधानी, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय, छाया सुशांत शुक्ला, कविता शुक्ला का पुष्पगुच्छ से स्वागत के बाद विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला ने स्वागत भाषण दिया और कहा कि बेलतरा क्षेत्र के लोगों की सेवा के लिए वे प्रतिबद्ध है। क्षेत्र की जनता ने उसे जिता कर उसका मनोबल बढ़ाया है। आने वाले समय में भी उनका आशीर्वाद व प्यार बना रहे। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को तीज पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन श्वेता पाण्डेय एवं आभार प्रदर्शन विधायक सुशांत ने किया।

अंत में उपस्थित सभी बहनों ने विधायक श्री शुक्ला को राखियां बांधी एवं पुनः जिताने का संकल्प दोहराया। सभी बहनों को उपहार स्वरूप साड़ी दी गई। बहनों ने झूले का भी आनंद लिया।



### महिलाएं बखूबी निभा रही दोहरी भूमिका

कार्यक्रम में अतिथि सांसद श्रीमती जांगड़े ने इस आयोजन पर खुशी जताते हुए कहा कि तीज पर्व हमारे छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्यौहार है। इसे मनाने हर महिला को बेसब्री से इंतजार रहता है। मायके जाने की खुशी हर किसी महिला को रहती है। सबसे बडी बात यह है कि महिलाएं अपनी दोहरी जिम्मेदारी को बखूबी निभाती है।

इंडोर स्टेडियम बहतराई में तीजा तिहार कार्यक्रम, कमल सखी व भाजपा महिला मोर्चा बेलतरा का आयोजन






### लोककला की बिखरी सांस्कृतिक छटा

कार्यक्रम में लोकगायिका अल्का चन्द्राकर एण्ड टीम ने एक से बढ़ कर एक लोक गीत पर लोक नृत्य पेश कर सांस्कृतिक छटा बिखेरी। उन्होंने हरेली, गौरा-गौरी, सुआ नृत्य, राउत नाच पर आधारित लोकगीत गाकर माहौल को खुशनुमा बनाया। गीत-तीजा पोरा के तिहार बहिनी, दाई-ददा के दुलार नीक लागे मोला ग.., लाली लाली लुगरा ह तोर मोला नीक लागे..सहित अन्य छत्तीसगढ़ी लोक गीतों की प्रस्तुति ने सभी को झूमने मजबूर कर दिया।

### आगे भी रहे हमारी परंपरा कायम

विधायक पत्थलगांव श्रीमती साय ने कहा कि तीज पर्व के सात दिन पहले विधायक श्री शुक्ला द्वारा यह आयोजन करा कर महिलाओं को सम्मान दिया गया है। आज का यह दिन ऐतिहासिक है। जिसमें क्षेत्र की सभी महिलाएं उपस्थित होकर पर्व सेलीब्रेट कर रहीं हैं। छत्तीसगढ़ की भोजली, हरेली सहित हर पर्व, त्यौहार हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है। युगो बाद भी यह परंपरा कायम है। आगे भी यह कायम रहेगा।

### धर्म की रक्षा के लिए रहे प्रतिबद्ध

विधायक पंडरिया क्षेत्र भावना ने उपस्थित सभी तीजहारिनों को तीज पर्व की बधाई देते हुए कहा कि आज महिला सशक्तिकरण को देख कर मन गदगद है। सभी में इस आयोजन को लेकर काफी उत्साह दिख रहा है। महिलाएं देवी की रूप है। सभी अपने धर्म, संस्कृति की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहे।




### दर्शाता है संस्कार को

महापौर श्रीमती विधानी ने कहा कि तीज से पहले विधायक श्री शुक्ला के नेतृत्व में हो रहे इस आयोजन में महिलाओं की भारी उपस्थिति देखकर उसे काफी खुशी हो रही है। महिलाओं की इतनी सक्रियता उनकी सशक्तिकरण और यह आयोजन विधायक बेलतरा के संस्कार को दर्शाता है कि वे अपने छत्तीसगढ़ी परंपराओं के प्रति इतने सजग हैं।

### लेवाल माता कौशिल्या की देन

राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती पाण्डेय ने बताया कि तीज पर्व पर बहन, बेटियों को लेने जाने की परंपरा माता कौशिल्या की देन है। राम की माता कौशिल्या के आदेश पर ही तीज पर लेवाल जाना जरूरी हुआ था। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को तीज पर्व की शुभकामनाएं दी।

**इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में पार्षद रेखा पाण्डेय, प्रतिभा, कुंती, रूपाली, शकुंतला, रानू, सीता, आरती, देवकी, कमला, चन्द्रिका, इंदू, सुषमा, सुलेखा, उषा, रूक्खमणि, सीमा, पुष्पलता, रानी, नागेश्वरी, चमेली, सुनीता, मनोरमा, अंजनी, सुरेखा, बबीता, ममता, राजेश सूर्यवंशी सहित अन्य पार्षद, मितानीन, भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता, मंडल पदाधिकारी भारी संख्या में उपस्थित थीं।

# माताओं-बहनों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहें

**बिलासपुर।** वंदेमातरम मित्र मंडल कके चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस मौके पर मुख्य वक्ता भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव सुनील देवधरथे।मुख्य अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक,विशिष्ठ अतिथि महापौर पूजा विधानी, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी थे।





रविवार को लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित एक शाम हिन्दुत्व के नाम पर संध्या पर हिन्दु राष्ट्र,चुनौतियां और समाधान विषय पर वक्ताओं ने विचार रखे। मुख्य वक्ता सुनील देवधर ने कहा कि वामपंथी विचारों का पुरजोर विरोध होना चाहिए। हिन्दुओं के बीच में धर्मातरण जैसे कृत्यों से समाज पर खलल डालने का कार्य किया जा रहा है। इसका भी पुरजोर विरोध करना चाहिए। उन्होंने कि दस हजार वर्ष पूर्व लिखे गए वेद-उपनिषद में भी राष्ट्र का उल्लेख किया गया है। इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि हिन्दुओं की मां-बेटियों पर जो विभत्स अत्याचार हुए,वह कदापि भी भूलने योग्य नहीं हैं, आज भी हमे हमारे घर और आसपास की मां-बेटियों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने बताया की राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के एक-एक कार्यकर्ता ने 1920 के समय प्राणों का बलिदान दिया है, यह इतिहास में दर्ज है।

उन्होंने कहा कि वामपंथियों की कुदृष्टि भारत देश की ओर है, वे भारत देश को ईरान-इराक बनाना चाहते हैं, मगर नरेन्द्र मोदी जैसा सक्षम नेतृत्व होने से वे यहां सफल नहीं हो पा रहे हैं। मगर दबे रूप में देश के कई क्षेत्रों में धर्मातरण का कार्य चल रहा है, हमारे ही समाज के बीच में कई लोग हैं,जो हिन्दु समाज को बदनाम कर रहे हैं।

इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष महेन्द्र जैन, मंजू दीदी, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, रामदेव कुमावत, बृजेन्द्र शुक्ला सहित संगठन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

### विविधताओं का देश भारत

मुख्य अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि भारत देश विविधताओं का देश है,जहां भाषा,खान-पान व परिवेश अलग-अलग है। उन्होंने हिन्दु राष्ट्र पर चुनौतियां व समाधान विषय पर गोष्ठी को सार्थक बताया, उन्होंने कहा कि रविवार व शुक्रवार जब अन्य लोग जा सकते हैं, तो हिन्दु समाज को भी एक दिन मंदिर जरूर जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम मित्र मंडल ने हनुमान मंदिर से पूजा करने की अलख जो जन-जन तक पहुंचाई है,वह सराहनीय है,यही वजह है कि सप्ताह में हनुमान मंदिर में पूजन नियमित कई वर्गों द्वारा किया जा रहा है।

## समावेशी रक्षाबंधन एवं कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव



**बिलासपुर।** सक्षम इकाई द्वारा समावेशी रक्षाबंधन एवं कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम संपन्न हुआ, कार्यक्रम के प्रारंभ में मटका फोड़ प्रतियोगिता हुआ, जिसमें कार्यकर्ताओं के आंखों में पट्टी बांधकर डंडे से मटका को फोड़ा गया और विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात समावेशी रक्षाबंधन के तहत सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को रक्षा सूत्र बांधकर समावेशी रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति के गीत गाए गए, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में नगर के समाजसेवी अनिल टाह, चरणजीत सिंह गंभीर, डॉक्टर प्रशांत द्विवेदी,भुवन वर्मा थे मौजूद थे। सभी अतिथियों ने सक्षम के द्वारा दिव्यांगों के हितार्थ किये जा रहे गतिविधियों की प्रशंसा की,दिव्यांगों के संपूर्ण सशक्तिकरण के लिए सक्षम संस्था सतत प्रयासरत है। सक्षम के सभी कार्यकर्ता अपने आसपास रहने वाले दिव्यांगों का एक माह तक सर्वेक्षण कार्य करेंगे, उन्हें स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से यह सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर अनूप पांडेय ,अंजलि चावड़ा, मदन मोहन गुल्ला, रेखा गुल्ला, निर्मल घोष ,शेफाली घोष ,डॉक्टर भूमिका साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## कृष्ण-राधा बने बच्चों को बांटे पुरस्कार



वसुंधरा नगर स्थित महिला मंडली द्वारा दहीहंडी व कृष्ण जन्माष्टमी पूजा का आयोजन किया गया। जिस पर महिला व पुरुषों बच्चों द्वारा मटकी फोड़ का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया वसुंधरा नगर की महिलाओं द्वारा लड्डू गोपाल के लिए 56 भोग का प्रसाद लगाया और सभी लोगों ने लड्डू गोपाल की महाआरती की गई।

## मंगला चौक मलखम्ब में करण प्रथम



मंगला चौक व्यापारी संघ द्वारा मलखंभ दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि जिला भाजपा के उपाध्यक्ष अजित सिंह भोगल थे उन्होंने प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रीकृष्ण भगवान के चित्र पर धूप दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ, उक्त अवसर पर अजीत सिंह भोगल, मजदूर नेता गणपत चौहान, पार्षद कार्तिक यादव मौजूद थे। बीस फीट ऊंची ग्रीस लगी पोल पर सैकड़ों में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की जयकारा लगाते रहे। दर्शकों का रोमांचक दृश्य प्रस्तुत करने प्रतिभागियों ने एक के बाद एक प्रयास करते देखे गए जिसमें प्रमुख रूप से लव यादव, नेपाली युवा नवराज, दुर्गेश साहू, विकास,आकाश श्रीवास,धुरी अजय पटेल,विश्वजीत साहू थे। पहला ईनाम 51 सौ रुपए के लिए अंत में रात्रि पौने ग्यारह बजे घुरुअमेरी के होनहार युवा ने मंगला चौक व्यापारी संघ द्वारा 15 वें वर्ष के लिए आयोजित मलखंभ प्रतियोगिता के लिए ग्रीस लगाई गई बीस फीट ऊंची पोल के अंतिम शिरे पर लगाई गई दही हांडी को फोड़ने में सफलता अर्जित की। उक्त अवसर पर पीके नायडू, बब्लू राजपूत,सुभाष जेना,दाऊ शुक्ला,धर्मेश शर्मा, मनमोहन देवांगन सहित व्यापारी संघ थे।

खबर संक्षेप

### व्यापारी से 4 लाख 60 हजार की ठगी



**बिलासपुर।** शहर के व्यापारी से गोपनीय जानकारी लेकर 4 लाख 60 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सरकण्डा तिर्थानी गली निवासी कन्हैया लाल वाधवानी 63 साल मंगला चौक में किराना दुकान में व्यावसाय कर रहे थे। इसी दौरान उनके पास अनजान मोबाइल नम्बर से फोनकर अपने आपको बैंककर्मी बताकर एटीएम एप्लाई किए हो नेट बैंकिंग भी चाहिए क्या ? पूछते हुए गोपनीय जानकारी लेकर उनके बैंक खाते से 4 लाख 60 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नशा रोकने चलाया गया जागरूकता अभियान

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन बिलासपुर में जीआरपी की टीम ने नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया। जीआरपी के अनुसार केन्द्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर सभी स्टेशनों की तरह बिलासपुर जोनल स्टेशन में जीआरपी थाना प्रभारी डीएन श्रीवास्तव और आरपीएफ प्रभारी राजेश वर्मा के नेतृत्व में ड्रग्स जागरूकता अभियान चलायागया। इस दौरान प्लेटफार्म, यात्री प्रतिक्षालय, यात्री ट्रेनों, भीड़ भाड़ वाले सार्वजनिक स्थान में नशे से होने वाले दुष्प्रभाव एवं बचाव के संबंध में नागरिकों, रेल यात्रियों, महिलाओं, बुजुर्गो, बच्चों, कुली, वेंडरों को बैनर पोस्टर के माध्यम से प्लेटफार्म पर रैली निकालकर प्रचार प्रसार करते हुए समझाइश भी दी गई।

### बिजुरी नगर पंचायत का फाटक स्थायी रूप से बंद

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन सड़क उपयोगकर्ताओं की बेहतर सुरक्षा एवं संरक्षा सुनिश्चित करने समपार फाटकों में रोड ओवरब्रिज, अंडरपास का निर्माण करने के साथ वैकल्पिक सड़क मार्ग की व्यवस्था करने के बाद बंद कर रही है। इसके तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिवीजन के बिजुरी से बोरीडांड स्टेशन के बीच मानव सहित समपार बिजुरी नगर पंचायत फाटक को सुरक्षागत कारणों से सड़क यातायात के लिए स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। फाटक बंद होने के बाद यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था रोड ओवरब्रिज से कर दी गई है।

अव्यवस्था | सांई मंदिर कार्यालय से लेकर स्टेशन बिल्डिंग तक जगह-जगह गड्ढे से परेशान हो रहे हैं यात्री

# स्टेशन डेवलपमेंट के लिए 400 करोड़ और जर्जर सड़क के लिए फंड नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर को डेवलपमेंट के लिए 400 करोड़ रुपए का फंड दे दिया गया है, लेकिन सांई मंदिर से लेकर स्टेशन बिल्डिंग तक की जर्जर सड़क को मरम्मत करने के लिए राशि उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। 100 मीटर की सड़क पर कदम-कदम पर गड्ढे होने के कारण लोग प्रतिदिन परेशान हो रहे हैं।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन को 400 करोड़ रुपए की लागत एयरपोर्ट की तरह बनाने से पहले जोन और डिवीजन के अधिकारियों ने सर्वे किया था। इस सर्वे में स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग यानि गेट नम्बर 4 से लेकर गेट नम्बर तीन और जनआहार तक के हिस्से को डिस्मेंटल करने के अलावा प्लेटफार्म नम्बर 7-8 से खत्म होने वाले रेल लाइन को बढ़ाने की योजना भी बनाई गई थी। इस योजना में बिलासपुर स्टेशन की ओर आने-जाने वाली सड़क को भी शामिल किया गया था। जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में प्रतिदिन 25 हजार से अधिक यात्री आना-जाना करते हैं। स्टेशन आने-जाने के लिए महाराणा प्रताप चौक से व्यापार विहार, तारबहार, रेलवे कालोनी से सोलापुरी माता मंदिर चौक होते हुए, सीएमडी चौक से तारबहार चौक होकर गिरजा चौक और दयालबंद जगमल चौक से लेकर तितली चौक होते हुए, एक सड़क हेमू नगर, राजकिशोर नगर से तोरवा चौक होकर बुधवारी बाजार होते हुए बनाई गई है। इन सभी रास्तों का विशेष सर्वे अधिकारियों ने करते हुए चौड़ीकरण और उसका जीर्णोद्धार करने का निर्णय लिया था। स्टेशन तक पहुंचने वाली एक सड़क तितली चौक से स्टेशन गेट तक को छोड़कर दूसरे रास्तों की स्थिति ऐसी हो गई है कि कदम-कदम पर गड्ढे. होने के कारण सबसे अधिक परेशानी रात में आने-जाने वाले लोगों को होती है। इससे बुरा हाल बिलासपुर स्टेशन के पास की सड़क का हो चुका है। सांई मंदिर, पार्सल कार्यालय यह दोनों स्टेशन परिक्षेत्र के अंदर ही आते हैं, लेकिन यहां से लेकर स्टेशन तक की केवल 100 मीटर की सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि बड़े-बड़े गड्ढों में बारिश के समय पानी भरने से एक्सीडेंट होने का खतरा रहता है। 400 करोड़ रुपए के फंड रेल प्रशासन ने स्टेशन के विकास करने में लगा दिया है, लेकिन पब्लिक को जिस सड़क की आवश्यकता है उसे ठीक करने के लिए फंड की व्यवस्था नहीं कर पा रहा है।



रेलवे स्टेशन क्षेत्र की जर्जर सड़क।

#### स्टेशन का भी हाल बुरा

सड़क की हालत तो जर्जर हो चुकी है। इसके साथ ही बिलासपुर रेलवे स्टेशन का हाल काफी बुरा हो गया है। गेट नम्बर चार से लेकर जनआहार के बाहरी हिस्से तक चारों ओर शेड लगा दिया गया है, जिसके कारण आने-जाने वाले यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह मलबे और काम की वजह से यात्रियों को गेट नम्बर चार तक पहुंचने में 100 मीटर की अधिक दूरी नापनी पड़ रही है।

#### दूर की जाएगी समस्या

बिलासपुर रेलवे स्टेशन को रिडेवलपमेंट करने का काम किया जा रहा है। इसमें सड़क का भी काम किया जाना है। अगर सड़क खराब होने से लोगों को परेशानी हो रही है तो इसकी जानकारी सक्षम अधिकारी को दी जाएगी, ताकि पब्लिक की समस्या दूर की जा सके।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

8 माह 105 चाकूबाजों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

# चाकूबाजों को पकड़कर कार्रवाई करने में बिलासपुर पुलिस रेंज में नम्बर वन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिस तरह से चाकूबाजी की वारदात बढ़ रही है। उसी अंदाज में एसएसपी की टीम चाकूबाजों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में लगी हुई है। विगत 8 माह में 105 चाकूबाजों को पकड़कर जेल भेजा गया है जो कि बिलासपुर रेंज में सर्वाधिक कार्रवाई है। प्रतिदिन गुण्डा बदमाश व चाकूबाजों की कार्रवाई जारी है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने चाकूबाजी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए राजपत्रित अधिकारी व थानेदारों को चाकूबाजों पर सख्ती व गंभीर धाराओं पर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। उनके निर्देश पर उनकी टीम लगातार चाकूबाजों पर कार्रवाई करने में लगी हुई है। पुलिस आंकड़े के अनुसार बीते 8 माह 105 चाकूबाजों, 26 तलवारबाजों, 1 कट्टा, 4 रिवाल्वर रखने वालों को पकड़कर जेल भेजा गया है। इसी तरह वर्ष 2024 में 47 चाकूबाजों, 30 तलवारबाजों 2 कट्टा, 4 रिवाल्वर रखकर अशांति फैलाने वालों को जेल भेजा गया था। वर्ष 2023 में 28 चाकूबाजों 27 तलवार, 1 कट्टा, 2 रिवाल्वर रखने वालों को पकड़कर जेल भेजा गया था। यह कार्रवाई बिलासपुर रेंज में नम्बर 1 है।

#### सिरगिट्टी, तारबाहर, सरकण्डा में पकड़े गए 10

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व में सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने क्षेत्र में दबिश देकर प्रदीप रजक उर्फ पिंटू पिता स्व. केशव प्रसाद 34 साल बछेरा तालाब तिफरा, संदीप रजक पिता स्व. केशव प्रसाद 34 साल बछेरा तालाब तिफरा, शंकर रजक पिता राजा पिता मनीराम रजक 19 साल मन्नाडोल, संदीप साहू पिता द्वारिका प्रसाद 26 साल तिफरा निवासी को पकड़कर 4 चाकू बरामद किया है। इसी तरह तारबाहर पुलिस ने आयुष गुप्ता पिता मंगेश गुप्ता 23 साल चांटापारा, राजा उर्फ प्रशांत श्रीवास पिता राजेश श्रीवास 20 साल कतियापारा निवासी को पकड़कर 3 नग चाकू बरामद किया है। सरकण्डा पुलिस ने अमरजीत रात्रे उर्फ भोला पिता धनउ रात्रे 21 साल चिल्हाटी, त्रिदेव केंवट पिता रामखिलावन 22 साल चिल्हाटी निवासी को पकड़कर 2 नग तलवार बरामद किया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।



हथियार के साथ गिरफ्तार आरोपियों को ले जाती मोपका चौकी पुलिस।



तारबाहर में अवैध हथियार के साथ पकड़े गए आरोपी।



सिविल लाइन क्षेत्र में गिरफ्तार आरोपी।

#### चाकू के साथ पकड़ा गया युवक

16 अगस्त को तारबाहर टीआई कृष्णचंद्र सिदार स्टाफ के साथ पुराना बस स्टैण्ड में वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे। जांच के दौरान करबला यश पैलेष निवासी राजू साहू पिता राम भरोसा साहू 21 साल को पकड़कर तलाशी तो बटनदार चाकू मिला। पुलिस ने 25 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी रजनेश सिंह ने कार्रवाई में सूझबूझ एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए टीआई श्री सिदार को 500 रुपए नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया है।

#### मोपका पुलिस की कार्रवाई

मोपका चौकी प्रभारी भावेश सेंडे ने विशेष अभियान चलाकर चिल्हाटी से छोटू उर्फ त्रिदेव केंवट को चापड़, भोला उर्फ अमरजीत रात्रे को तलवार, चांटीडीह गायत्री मंदिर के पास से अजहर खान को चाकू लहराते पकड़ा गया है। अलग अलग जगहों पर झुंड बनाकर उपद्रव मचाते हुए दीपक कहार, रवि केंवट, मोहन सूर्यवंशी, करन सूर्यवंशी, राजा रजक, अंकित गंधर्व, दुर्गेश यादव, निखिल चौरसिया, जीवन निषाद को पकड़कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

#### कुदूदण्ड में 6 युवक गिरफ्तार

सिविल लाइन सीएसपी श्री परिहार ने बताया, 15 अगस्त को सड़क में मवेशी बैठने की बात को लेकर कुछ युवकों ने आपस में जमकर विवाद किया और एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने हमलावर कुदूदण्ड चांदनी चौक निवासी शनि यादव, अवि यादव, वैभव होलकर, नवीन तिवारी, आकास राव, सुजल श्रीवास को गिरफ्तार कर लिया है।

#### की जाएगी सख्ती से कार्रवाई

चाकूबाजी करने वालों पर नए कानून बीएनएस की धाराओं के तहत कार्रवाई कर ज्यादा से ज्यादा अर्थदण्ड दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। किसी भी हाल में चाकूबाजी, गुण्डागर्दी करने वालों को नहीं बख्शा जाएगा।

**-रजनेश सिंह,** एसएसपी

गंभीर अवस्था बालक का सिम्स में चल रहा इलाज



### 9 साल के बालक का गला रेता, चाकू से 12 जगहों पर किया वार

■ आरोपी की बाइक जब्त


**बिलासपुर।** रिश्ते के मामा ने घर से घुमाने ले जाकर 9 साल के बालक का चाकू से गला रेता, फिर उसके शरीर के अलग अलग जगहों पर 12 वार कर जान से मारने की कोशिश की। लोगों के आने पर हमलावर अपनी बाइक छोड़कर रेलवे लाइन के किनारे से भाग निकला। गंभीर रूप से घायल बालक का सिम्स में इलाज चल रहा है। पुलिस बाइक जब्त कर फरार आरोपी के तलाश कर रही है।

मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, लिमतरा निवासी सूर्यांश बरगाह पिता महेश बरगाह 9 साल 17 अगस्त की शाम घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान रिश्ते का मामा अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएम, 0506 में आया और सूर्यांश को घूमने जाने कहा। वह सूर्यांश बाइक में बैठकर घुमाने ले गया। शाम 6 बजे लिमतरा पुल पर बाइक रोककर उसने चाकू से सूर्यांश का गला रेता फिर शरीर के अलग अलग जगहों पर 12 वार किया, जिससे सूर्यांश खून से लथपथ होकर बदहवास होकर गिर गया। इसी दौरान लोगों को आते देख बालक को मृत मानकर आरोपी आनन फानन में अपनी बाइक छोड़कर रेलवे लाइन के किनारे से भाग गया। लोगों की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंच गई। परिजन को बुलाने के बाद डायल 112 से गंभीर रूप से घायल बालक को सिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस मौके से बाइक जब्त कर आरोपी की सरगर्मी से तलाश में जुट गई है।

### मलखंभ प्रतियोगिता देखने गए निगम अधिकारियों से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ चिंगराजपारा चौक के पास हुई वारदात



कृष्ण जन्माष्टमी में मलखंभ प्रतियोगिता देखने गए नगर निगम के अधिकारियों को लोगों ने जमकर हाथ मुक्का, बेल्ट से मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, लिंगियाडीह सूर्या विहार निवासी नगर पालिका निगम जोन क्रमांक 7 के उप अभियंता आशीष पाण्डेय पिता स्व. बलदाऊ प्रसाद पाण्डेय 16 अगस्त को अपने साथी हरीश शास्त्री, राजकुमार मेश्राम, रोशन कश्यप, विजय सिदार, विनस खैरवार के साथ रात 9.30 बजे चिंगराजपारा चौक के पास जन्माष्टमी मलखंभ प्रतियोगिता देखने गए थे। समाप्त होने के बाद रात 11.45 बजे चिंगराजपारा निवासी दुर्गेश यादव, अपने अन्य साथियों के साथ दूसरे मोहल्ले से क्यों आए हो कहकर वाद विवाद कर गाली गलौज जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का बेल्ट पत्थर से जमकर मारपीट की गइ है। मारपीट के दौरान के दौरान श्री पाण्डेय के गले से सोने की चेन, ब्रेसलेट कहीं गिर गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर दुर्गेश यादव व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, , 5, 351 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बिना अनुमति के कानफोड़ू आवाज में गाना बजाते 4 डीजे वाहन जब्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कृष्ण जन्माष्टमी में बिना अनुमति के कानफोड़ आवाज में गाना बजाने वाले 4 डीजे वाहनों को पुलिस ने जब्त कर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। 17 अगस्ता को कृष्ण जन्माष्टमी में मटकी फोड़ने के लिए बिना अनुमति के डीजे लगाकर तेज आवाज में गाना बजाया जा रहा था। जिससे आसपास के लोगों को परेशानी हो रही थी। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने तेलीपारा व टिकरापारा रोड़ में दबिश देकर दो डीजे वाहनों को जब्त कर लिया है। इसी तरह 16 अगस्त को तोरवा पुलिस ने देवरीखुर्द से व सिविल लाइन पुलिस ने डीजे वाहन जब्त कर लिया है। संचालकों के खिलाफ कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी क्षमता से अधिक स्पीकर लगाकर तेज आवाज में आना बजाया जा रहा है। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### छत्तीसगढ़ का प्लेटफार्म बदला, यात्री हलाकान

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर से जिस छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को प्लेटफार्म नम्बर दो से रायपुर और अमृतसर की ओर रवाना किया जाता था, वही अब यह ट्रेन प्लेटफार्म नम्बर 4-5 से छोड़ी जा रही है। इसके कारण ट्रेन में सफर करने वाले हजारों की संख्या में यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है।

गेवरारोड से बिलासपुर होकर रायपुर, नागपुर होते हुए अमृतसर जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को प्लेटफार्म नम्बर 2-3 में दिया जाता था। रेल प्रशासन ने प्लेटफार्म नम्बर एक में यात्री ट्रेनों को करीब-करीब बंद कर दिया है, इसी तरह अब छत्तीसगढ़ के प्लेटफार्म को भी चेंज करते हुए 4-5 से रवाना किया जा रहा है। पूर्व में यात्रियों के लिए सारी सुविधा प्लेटफार्म नम्बर एक पर ही उपलब्ध हो जाती थी। गेट के सामने पार्किंग में अपने वाहनों को खडे करने के बाद यात्री आराम से ट्रेन पकड़ने के लिए अंदर जाते थे। वर्तमान में स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य में पार्किंग को करीब 300 मीटर दूर कर दिया गया है। इसकी वजह से यात्री अपने वाहनों को पार्किंग करने के बाद पैदल चलकर पहले गेट नम्बर एक तक पहुंचते हैं।

### 5 शराब तस्कर जेल गए, 58 लीटर शराब जब्त

**बिलासपुर।** कलेक्टर बिलासपुर के निर्देश तथा प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी जिला बिलासपुर के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न आबकारी वृत्त प्रभारियों द्वारा अपने क्षेत्रों में रविवार के दिन लगभग 58 लीटर शराब जब्त कर 5 लोगों को जेल दाखिल किया है।

आबकारी वृत्त कोटा एवं तखतपुर के प्रभारियों नं सोनबंधा से सेवक अनंत एवं गौतम बंजारे से 10-10 लीटर महुआ शराब, सीपत वृत्त प्रभारी द्वारा अमित उईके (बसहा) से 12 लीटर तथा पुरुषोत्तम राज (उच्चभिट्टी)से 16 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। मस्तूरी वृत्त प्रभारी द्वारा सुकुलकारी से तिलक महिलांगे से 9.5 लीटर शराब जब्त कर सभी आरोपियों के विरुद्ध गैर जमानती प्रकरण कायम किया है। सूरज कुमार लोनिया गुटकू (तखतपुर) से 9 लीटर, शेख यासीम डीपूपारा (तारबाहर) से 8.28 लीटर, महेंद्र कुमार रात्रे लोकबंद (कोटा) से 10 लीटर, राहुल केवट सेलर (सीपत) से 9.5 लीटर, सुरेश मरावी पोंडी (सिरगिट्टी) से 30 लीटर एवं 105 कि ग्रा लहान, भीरगू कोसमडीह(मस्तूरी) से 7.5 लीटर तथा पुष्पा वर्मा गनियारी से 29 लीटर महुआ शराब जब्त कर अब तक कुल 12 आरोपियों को जेल दाखिल किया जा चुका है। आज की कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक धर्मेंद्र शुक्ला, ऐश्वर्या मिंज, भूपेंद्र जामडे, बोधसाय राठिया, दिनेश ध्रुव, वेद प्रकाश नेताम और पोखराज शांडिल्य शामिल रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

### चेन पुलिंग करते पकड़ा गया यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ रेलवे एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

अलार्म चेन पुलिंग करने वाले यात्री को आरपीएफ ने पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार बिहार निवासी राहुल कुमार पिता मोहन लाल 17008 दरभंगा से चल्लापल्ली के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में समस्तीपुर से सफर कर रहा था। ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन पहुंचने के बाद वह कुछ सामान की खरीदी करने के लिए उतर गया। इस दौरान सिग्नल होते ही ट्रेन स्टेशन प्लेटफार्म से रवाना होने लगी, जिसमें सवार होने के लिए उसने अलार्म चेन पुलिंग करा दी। चेन पुलिंग होते ही चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दिया, जिसके कारण यात्री भी परेशान हुए। आरपीएफ ने मौके पर पहुंचकर यात्री राहुल कुमार के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसके अलावा दो अवैध वेंडर, दो किन्नर, विकलांग और महिला कोच में सफर करने वाले एक-एक पुरुष यात्री को भी पकड़ा गया है।






## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट परिसर में फहराया तिरंगा



मुंगेली। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट परिसर में ध्वजारोहण किया। कलेक्टर ने कहा कि हमें शासकीय सेवक के रूप में अपने उत्तरदायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। देश की सेवा तभी सार्थक होगी, जब हम अपने कार्य के प्रति पूरी ईमानदारी और गंभीरता बरतें। हमें मिलकर टीम भावना से कार्य करते हुए मुंगेली जिले को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। उन्होंने सभी शासकीय सेवकों को कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस उत्साह पूर्वक मना



**बिल्हा।** बिल्हा शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा में आज स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. सावित्री त्रिपाठी ने की। प्रातःकालीन सत्र में राष्ट्रीय ध्वज का विधिवत ध्वजारोहण प्राचार्य डॉ. सावित्री त्रिपाठी द्वारा किया गया। राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से वातावरण देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत हो गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने देशभक्ति गीत, भाषण एवं कविताओं के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

### युवा कांग्रेस ने की भारत माता की पूजा-अर्चना



**लोरमी।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर युवा कांग्रेस ने लोरमी के मुंगेली चौक में भारत माता की पूजा-अर्चना कर महाआरती की। युवा कांग्रेस ने भारत को आजादी दिलाने वाले वीर सपूतों को याद किया, तथा देश की एकता एवं अखंडता के लिए एकजुट होकर संकल्पित रहने पर जोर दिया गया। साथ ही युंकाई यादव समाज की ओर से आयोजित भव्य तिरंगा रैली में भी शामिल हुए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अर्जुन तिवारी, प्रदीप दुबे, खुशबू आदित्य वैष्णव, प्रदेश महा सचिव युकां राजेश छेदैया, जिला अध्यक्ष आकाश वैष्णव, अभिलाष सिंह, शशांक वैष्णव, पार्षद धनजय दुबे, नागेश गुप्ता, लल्ला ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### एसएस कॉलेज में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**गौरेला।** एसएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन सारबहरा में संस्थान के संचालक शाहिद जमा खान के निर्देशानुसार समारोह आयोजित कर स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य डॉ अब्दुल सत्तार ने ध्वजारोहण किया और स्वतंत्रता दिवस के महत्व को समझाया। कार्यक्रम की सफलता में संस्था के सभी प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक गायत्री भोंसले, स्वाती तिवारी, हेमंत तिवारी, बीरु यादव, रूपेश सूर्यवंशी, अरविंद एक्का, अफरोज अहमद, नेहा बिसेन, चांदनी पुरी, मेराज खान, भूषण यादव, गोलू एवं अन्य कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

### विभिन्न जिला परिसरों में किया गया ध्वजारोहण

**गौरेला।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सामूहिक राष्ट्रगान किया। उन्होने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया और उनकी पूजा-अर्चना कर उन्हें नमन किया। इसी तरह पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी सुरजन राम भगत, नगर के गांधी चौक में नपा अध्यक्ष मुकेश दुबे, नगर के विद्यार्थी परिषद चौक में नपा उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, गौरेला के संजय चौक में ब्लॉक कांग्रेस नेता प्रदीप दुबे ने ध्वजारोहण किया और ध्वज को सलामी दी। इसी क्रम में जिले के सभी कार्यालयों में संस्था प्रमुखों ने ध्वजारोहण किया।

## पूरे क्षेत्र में देश की आजादी का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

# स्वतंत्रता दिवस पर नगर सहित क्षेत्र में शान से लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

नगर सहित पूरे क्षेत्र में देश के आजादी का महापर्व शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी सरकारी निजी कार्यालयों, शैक्षणिक सामाजिक, राजनीतिक संस्थानों व प्रतिष्ठानों के साथ ही हर घर पर भी ध्वजारोहण किया गया।नगर में 79वें स्वतंत्रता दिवस का स्वागत सुबह प्रभात फेरी से किया गया नगर के शासकीय कन्या हाईस्कूल और इग्नाइट प्राथमिक शाला इंग्लिश मीडियम के छात्र छात्राओं ने नगर भ्रमण कर देशभक्ति नारे लगाए।

विकास खंड के सभी पंचायतो मे सरपंच एंव ग्राम के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियो झंडारोहण किया गया। नगर पंचायत कार्यालय मे अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णब, पूर्व अध्यक्ष जसपाल छाबड़ा, सभापति मेला राम डनसेना, रामबघेल इंद्रजीत यादव, मोनिका ओमू दिवान ने ध्वजा रोहण कर तिरंगे को सलामी दी। जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद अध्यक्ष अध्यक्ष चित्ररेखा मनीष जांगड़े, एसडीएम कार्यालय मे एसडीएम रेखा चंद्रा, तहसील मे तहसीलदार छाया अग्रवाल, जल संसाधन मे एसडीओ डाहिरे, कृषि विभाग मे एसडीओ कोशले, आरक्षी केंद्र मे थाना प्रभारी रघुवीर सिंह चंद्रा, शिक्षा विभाग बीईओ प्रतिभा मंडलोई, लोक निर्माण विभाग मे एसडीओ जैन, एन के विद्यालय मे प्राचार्य नर्मद कश्यप, जय भारत पब्लिक स्कुल सीलदहा मे संचालक दिलीप सोनवानी, संस्कार विद्या मंदिर स्कुल पढ़यिाईन मे प्राचार्य, सिलतरा सहकारी समिति अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, सिलदहा सहकारी समिति अध्यक्ष सहदेव वर्मा, ने ध्वजा रोहण किया।



### ग्राम पंचायतों में हुआ ध्वजारोहण

क्षेत्र के ग्राम पंचायत बगबुड़वा मे सरपंच मनीषा डहरिया, ग्राम जेवरा मे शशि प्रभा शर्मा, ग्राम तार्किडीह रेमन साहू, ग्राम बदरा ठाकुर ममता कुर्रे, सोढ़ी निजामी मे सरपंच जुगरी बाई कुर्रे, ग्राम ककेडी मे सोनिया बाई ध्रुव, ग्राम सकेरी शोभा मानिकपुरी, ग्राम सांवा मे रमसिला लोधी, दौना मे सरपंच श्यामलाल, कंचनपुर आशा रात्रे, ग्राम भिलाई मे रानू पटेल, ग्राम घुठेली मे लक्ष्मीन राजपूत, ग्राम पेटूलकपा संतोषी टंडन, ग्राम बेलखुरि मे शशि राजपूत, ग्राम पौसरी मे सरपंच नीलमणि चौहान, खपरी मे सरपंच साधना साहू, गोइंद्रा मे बलराम टोंडे, जोता मे सरपंच जवाहर ध्रुव, सभी ने ध्वजा रोहण किया। राजनीतिक दलों ने किया ध्वजारोहण- भाजपा पथरिया मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, भाजपा नेता हरिशंकर वर्मा, लौदा मण्डल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष राजा ठाकुर ने अपने अपने राजनीतिक कार्यालय में ध्वजारोहण किया।

### जनप्रप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र में फहराया तिरंगा



**धरमपुरा।** समूचे अंचल में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूलों में बच्चों ने विविध देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। स्वाधीनता संग्राम में अपने प्राणों का बलिदान देने वालों शहीदों को स्मरण उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं ध्वजारोहण किया गया। ग्राम पंचायत सोढार में सरपंच सुनीता बजरंग राजपूत ने पंचायत भवन, प्राथमिक शाला, मिडिल स्कूल एवं छात्रावास में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सुनीता बजरंग राजपूत सहित उप सरपंच तीजन बाई ध्रुव, सचिव पंचराम साहू, रोजगार सहायक तारकेश्वर सिंह, पंच सुरेश, हीरालाल, सुनीता, दुर्गा रानी, कुलदीप, रामप्रसाद, किरन, कामिनी, मोतिम बाई, धनेश, अंजनी, बीरझा, जय कुमारी, राजेश्वरी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। ग्राम पंचायत दशरंगपुर मे पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्कूल, हाई स्कूल में सरपंच लक्ष्मीचंद मोहले ने झंडा फहराया। इस अवसर पर उप सरपंच रिखीराम साहू, मानसिंह मोहले, सचिव अशोक धृतलहरे, मूलचंद ठाकुर, जगेश्वर साहू, उमेंद साहू, मीना, बसंत खुटे, ललिता, प्रहलाद, मोंगरा, छेदी, हेमंत, दयाल, रवि, चोवा सिंह, दुर्गा, शिवचरण, सागर सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत बरदुली में सरपंच रानू तुकाराम साहू ने पंचायत भवन, प्राथमिक शाला में ध्वजारोहण किया। साथ ही उन्होंने स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागी बच्चों को उपहार में बैग देकर सम्मानित किया। इसी तरह ग्राम पंचायत खम्हरिया में सरपंच शैलेन्द्र मिरि, ग्राम पंचायत धरमपुरा में सरपंच रानी गोस्वामी, ग्राम पंचायत बीरगांव में सरपंच बेबी विनोद कश्यप, ग्राम पंचायत सेमरचुआ में सरपंच चंपा पटेल, ग्राम पंचायत खाम्ही कुर्मी में सरपंच राजेश जांगड़े, ग्राम पंचायत लौदा में सरपंच कविता आकाश बंजारे, ग्राम पंचायत कोसमा में सरपंच रानू कश्यप, ग्राम पंचायत ठोठमां में सरपंच शिवमती नेताम ग्राम पंचायत कुआंगांव में सरपंच मयाराम साहू, ग्राम पंचायत भठलीकला में सरपंच भुवनेश्वरी देवी साहू, ग्राम पंचायत हथनीकला में सरपंच सुषमा प्रीतम कौशले ने ध्वजारोहण ध्वजारोहण किया। प्राथमिक कृषि साख समिति धनगांव गोसाई में अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने किया। इस दौरान प्रबंधक गोकुल कश्यप, रामकुमार साहू, बबलू साहू, नरेंद्र बघेल, तोरण नवरंग, दाऊ सिंह, रामखेलावन नेताम सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे। सेवा सहकारी समिती भट्ठलीकला में अध्यक्ष घनश्याम यादव एवं सेवा सहकारी समिति हथनी कला में अध्यक्ष मोहन सिंह ने ध्वजारोहण किया।

## आत्मानंद स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस का पर्व

**लोरमी।** नगर के आत्मानंद स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का पर्व अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम सुबह 7:30 बजे प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पुराना प्राथमिक चिकित्सालय परिसर स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के पास पहुंची एवं पूजा-अर्चना तथा राष्ट्रगान पश्चात वापस विद्यालय की ओर प्रस्थान किया। रैली के पश्चात ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रगान का गयान हुआ।

इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की देशभक्ति से परिपूर्ण प्रस्तुतियों ने सब का मन मोह लिया। प्राचार्य अरुण जायसवाल, मंच संचालक बीआर चेलक एवं कंचन करमाकर ने सभी अतिथियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि वर्षा विक्रम सिंह ने कहा देश कि, आज आजादी में अपना बलिदान करने वाले शहीदों को याद करने का दिन है। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वास दुबे ने आजादी के पर्व में स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने वह क्षेत्र में विकास की धारा सदैव प्रवाहित करते रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को वरिष्ठ नेता राकेश दुबे, नपा उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल एवं अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान विद्यालयीन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। समारोह में विद्यालय परिवार के महेश्वरी पात्रे, गरिमा पाठक, मोनिका कौशिक, ममता कश्यप, परिणीति दास, चंद्रशेखर श्रीवास, शीफाली सोनी चंद्र प्रकाश साहू, मिथिलेश्वरी साहू, अंकित जॉनसन, आनंद गुप्ता, निधि नायक, अमर सोनवानी, संगीता साहू, भूपेंद्र कोरते, कुलेश्वरी साहू, संतोषी जायसवाल, संतोष मरकाम, धनंजय लहरे एवं सौगीत श्याम उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता की महत्ता पर डाला प्रकाश



**मुंगेली।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि एसएमडीसी अध्यक्ष रामशरण यादव ने ध्वजारोहण किया गया। शाला प्राचार्य एवं शाला परिवार के सदस्यों ने अतिथियों का बैज व तिलक लगाकर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ आईपी यादव ने स्वतंत्रता दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को भविष्य का जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्यबोध कराया।

## विधानसभा मुख्यालय बेलतरा में शान से लहराया तिरंगा



बेलतरा। विधानसभा मुख्यालय बेलतरा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, नागरिक, अभिभावक, स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं की मौजूदगी में पूरे गांव में रैली निकालकर मुख्यालय की सभी शासकीय एवं अर्ध शासकीय संस्थाओं में बारी-बारी से ध्वजारोहण किया जाता है। इसी क्रम में सर्वप्रथम तहसील कार्यालय में सुबह 7:30 बजे तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। बेलतरा सूर्यवंशी मोहल्ला में बाबा अंबेडकर की मूर्ति की पूर्व उपसरपंच बेलतरा सखाराम सूर्यवंशी ने पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया।

इसी तरह सरस्वती शिशु मंदिर में सेवानिवृत शिक्षक योगेश्वर कश्यप ने ध्वजारोहण किया। उसके बाद सेवा सहकारी समिति सलका केंद्र बेलतरा के कार्यालय में ध्वजा रोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ, यहां समिति अध्यक्ष सुनील कश्यप ने झंडा फहराया। इसी तरह कन्या मिडिल स्कूल में सत्या साहू उपसरपंच पति ने झंडा फहराया। ग्राम पंचायत सचिवालय बेलतरा में सरपंच सुरेश कश्यप ने ध्वजारोहण किया। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बेलतरा में ब्रांच मैनेजर ओंकार पांडे, आत्मानंद विद्यालय में शाला समिति सदस्य रमेश जायसवाल एवं स्वामी विवेकानंद स्कूल में छत्तीसगढ़ी गायक नीलकमल वैष्णव, रोहित कौशिक ने ध्वजारोहण किया। साथ क्षेत्र के ग्राम नेवसा, गिधौरी, टेकर, बसहा, करमा, जाली, सलका, धौरामुंडा आदि ग्राम पंचायत, सचिवालय तथा स्कूलों में ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## मां कल्याणिका स्कूल में मनाया गया आजादी का जश्न



**गौरेला।** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर मां कल्याणिका पब्लिक स्कूल में देशभक्ति से ओत-प्रोत गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय परिसर में प्राचार्या डॉ विनीत गाबा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। राष्ट्रगान के पश्चात स्कूल बैन्ड की हर्ष ध्वनि के साथ स्कूल हेड बॉय सिद्धार्थ सिंह एवं हेड गर्ल मान्या जयसवाल के नेतृत्व में स्कूल हाउस नर्मदा, कृष्णा, कावेरी व सरस्वती की संयुक्त परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। भारतमाता की जय के गगनभेदी नारों से शाला परिसर गुंजित होता रहा।

प्राचार्या डॉ विनीत गाबा ने देश के स्वतंत्रता संग्राम और अमर शहीद सेनानियों का स्मरण करते हुए कहा कि, देश की स्वतंत्रता को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए हमें इस प्रकार के आयोजनों से दृढ़ संकल्पित होना चाहिए। भारत विश्व का गुरू रहा है, और हमें इस गरिमा को सदैव बनाए रखना होगा। इस दौरान कक्षा पहली से लेकर 9वीं के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर मनभावन समूह नृत्य प्रस्तुत किया। छात्रों ने देशभक्ति कार्यक्रमों के साथ योगा, मार्शल आर्ट की प्रस्तुति भी दी, जिसे सभी ने काफी सराहा। विद्यालयीन छात्र किशन सराफ एवं प्रिन्सी सिन्गोरे ने अपने देशभक्तिपूर्ण भाषण में स्वतंत्रता दिवस के महत्व को रेखांकित किया। संस्था के प्रबंधन्यासी स्वामी हिमाद्री मुनि ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में विशेष रूप से सुखदेव सिंह ग्रेवाल, अलका फारमानिया, डॉ पवन सिंह, संजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे। मंच संचालन आयशा मित्तल एवं सृजन केशरी ने किया गया। समारोह के सफल संचालन में सीसीए प्रभारी वेद प्रकाश, योगेन्द्र सूर्यवंशी, संभव श्रीभात्री, त्रिशा, अशनी कुमार सहित सभी हाऊस मास्टर एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं का सक्रिय योगदान रहा। मिष्ठान वितरण के साथ इस गारिमामयी कार्यक्रम का समापन हुआ।

## डीएवी गोढ़ी में स्वतंत्रता दिवस समारोह



बिल्हा। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी में स्वतन्त्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत तिरंगा रैली स्कूल से ग्राम गोढ़ी तक हुई। मुख्य अतिथि आकांक्षा त्रिपाठी एसडीम बिल्हा के सम्मेलन से रैली की गरिमा में चार चांद लग गया। तत्पश्चात ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान हुआ छात्रों ने मार्चपास्ट करके तिरंगे को सलामी दी। स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आकांक्षा त्रिपाठी एसडीएम बिल्हा, नायब तहसीलदार विनीता शर्मा, थाना प्रभारी उमेश कुमार साहू, बार काउंसिल अध्यक्ष जमुना प्रसाद वर्मा, सूरज प्रधान लेखापाल,नंदिनी क्षत्री पूर्व सरपंच मोहतरा, राजेश मनहर पूर्व सरपंच गोढ़ी, मंजूलता वर्मा मेडिकल ऑफिसर दागोरी राजेंद्र डहरिया, धनेश्वरी डहरिया पत्रकार एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच संचालन शिक्षक दीपक सन्नाट, आशीष सोनी एवं शिक्षिका आरती पाण्डेय ने किया। आरती पाण्डेय ने आभार ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम का समापन दीपक कुमार साहू के द्वारा शांतिपाठ से हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहयोग दिया।

### भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण

# महान सेनानियों के बलिदान से मिली देश को आजादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर भाजपा कार्यालय में विधायक पून्नुलाल मोहले और जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में स्वतंत्रता दिवस अनोखे अंदाज में मनाया गया। घातक बीमारी से जंग जीत स्वस्थ हो चुकी महिला ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पदमपुर में ध्वजारोहण किया। नट सम्प्रादय से आने वाली महिला रूखमणी टीबी जैसे घातक बीमारी को मात देकर स्वस्थ्य होकर जीवन जी रही हैं, जो आम लोगो के साथ नट जाति के लिए विशेष अनुकरणीय विषय है। बीमारी के इस जंग से जीत जीतने के पश्चात यह महिला अपने नट जाति के लोगों को स्वस्थ्य रहने के लिए प्रेरित भी कर रही है। डॉ मनीष बंजारा ने ग्राम की टीबी जैसे घातक बीमारी से जंग जीत चुकी महिला रूखमणी नट को समारोह के मुख्य अतिथि बनाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर ग्राम पदमपुर के जनपद सदस्य गोविंद मोहले, सरपंच अनिल जायसवाल, विनय यादव, हॉस्पिटल स्टाफ मिथलेश राठौर, सुनीता मिरी, जलेश्वरी मिरी, मोनिका, सुधा, दिवाकर साहू, त्रिवेणी मरकाम मितानिन और अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय बछेरा में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक लक्ष्मी कांत जड़ेजा ने किया। अनंत प्रेरणा केंद्र संघ कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। इसमें मुख्य अतिथि लव सिंह रहे। इस अवसर पर संदीप ताम्रकार, नंदकुमार जायसवाल, आकाश सोनी, मोहन, गजेंद्र साहू, प्रभाकर सिंह, राकेश गुप्ता, हरीश ताम्रकार, गौरव तिवारी, अमन शर्मा, राहुल पाठक, रामकुमार साहू, विकाश बुनकर, दिलहरण साहू, दीपक प्रजापति उपस्थित रहे।

## जिपं परिसर में किया गया ध्वजवंदन

**मुंगेली।** जिला पंचायत परिसर में आयोजित समारोह में अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को नमन किया। श्री पाण्डेय ने कहा कि यह दिन हमें देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों के त्याग और संघर्ष की याद दिलाता है। उन्होंने आह्वान किया कि हम सबको उनके आदर्शों पर चलकर देश और समाज की सेवा के लिए सतत कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, उपसंचालक पंचायत सुश्री भूमिका देसाई, जिला पंचायत सदस्य उमाशंकर साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

